yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 179 ● कटनी ● सोमवार, 31 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

“किसी का भला करके देखो,
हमेशा लाभ में रहोगे,
किसी पर दया करके देखो,
हमेशा याद में रहोगे !”



बहुत ज्यादा पैसा आ जाता... पेज 7

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 25 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 29 डिसे

बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### महाराष्ट्र में होगी विपक्षी पार्टियों की बैठक, रणनीति को अंतिम रूप देंगे- लालू

**पटना ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

मणिपुर के दो दिवसीय दौरे के बाद विपक्षी ढ्ढ.ह्.ष्ठ.ढ्ढ गठबंधन के सांसद रविवार को दिल्ली लौट आए। इससे पहले उन्होंने सुबह मणिपुर के राज्यपाल से मुलाकात की। विपक्षी नेताओं ने राहत शिविरों में लोगों की दुर्दशा का जित्र करते हुए मांग की कि उन्हें स्वस्थ और सामान्य जीवन लौटाया जाए। उनकी बाते सुनने के बाद ऐसा लग रहा है कि विपक्षी पद दोनों सदनों में मोदी सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इस बीच, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि महाराष्ट्र में होने वाली विपक्ष की तीसरी बैठक में लोकसभा चुनाव की रूपरेखा तय की जाएगी।पटना में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए लालू यादव ने कहा, च्बाबा साहेब अंबेडकर की विचारधारा को मानने वाली पार्टियां एक साथ आ रही हैं। बीजेपी का सफाया तय है। आने वाले समय में ढ्ढ.ह्.ष्ठ.ढ्ढ. गठबंधन महाराष्ट्र में मिलने जा रहे हैं। जहां आगे की रणनीति को अंतिम रूप देंगे।आरजेडी सुप्रीमो ने अपने बड़े बेटे तेजप्रताप को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आप लोग उत्तर प्रदेश, बंगाल, झारखंड और दिल्ली में डीएसएस का कार्यक्रम कराएं। बता दें तेजप्रताप यादव ने आरएसएस के तर्ज पर बिहार में धर्मनिरपेक्ष सेवक संघ का गठन किया है।

### योगी आदित्यनाथ बोले, ‘मस्जिद में त्रिशूल क्या कर रहा, मुस्लिम समाज माने कि ऐतिहासिक गलती हुई’

**वाराणसी ,एजेंसी।** ज्ञानवापी मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वहां त्रिशूल क्या कर रहा था? यदि इसको मस्जिद कहेंगे तो गलत होगा।योगी के मुताबिक, वहां मौजूद साक्ष्य चीख-चीख कर सच्चाई बयान कर रहे हैं। वक्त आ गया है कि मुस्लिम समाज आए गए और कहे कि ऐतिहासिक गलती हुई है और इसका समाधान निकाला जाए।अगर हम उसको मस्जिद करेंगे तो फिर विवाद होगा। मुझे लगता है कि भगवान ने जिसको दृष्टि दी है कि वो देखें ना। त्रिषूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है, हमने तो नहीं रखे? ज्योर्तिलिंग है, देव प्रतिमाएं हैं, पूरी दीवारे चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रहीं है? और मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि साहब एतिहासिक गलती हुई है और उस गलती के लिए हम चाहते हैं, समाधान हो।

### मणिपुर हिंसा पर संसद में आज भी हंगामा

**नई दिल्ली, यशभारत।** संसद में मणिपुर मुद्दे पर हंगामा जारी है। सोमवार को जैसे ही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। उनकी मांग है कि पहले मणिपुर पर चर्चा हो।राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। चाहें तो आज 2 बजे से चर्चा कर लीजिए। सभापति ने भी विपक्षी दलों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो नियम 267 के तहत चर्चा के लिए अड़े रहे। नियम 267 के तहत चर्चा का मतलब है कि प्रधानमंत्री भी सदन में मौजूद रहें और अपना बयान दें। दिल्ली अध्यादेश बिल पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी,ढ्ढरूढ्ढरू ने अरविंद केजरीवाल का साथ देने का फैसला किया है। ओवैसी का यह बयान अहम है, क्योंकि विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन I.N.D.I.A. में AIMIM को शामिल नहीं किया है।

**दर्दनाक हादसा: पिता सहित दो पुत्रों की मौत, दो नाती घायल**

# कार में सवार दो पीढ़ी का अंत, तीसरी घायल

**जबलपुर ● यशभारत**
yashbharat.co.in

**गोटेगांव नरसिंहपुर के बीच गुंदरई में देर रात एक सड़क दुर्घटना में पाटन का रहने वाला अग्रवाल परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई अग्रवाल परिवार करेली से लौट रहा था तभी बीच रास्ते में यह हादसा हो गया । घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दो नाती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

बताया जा रहा है कि पाटन निवासी प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार संदीप ट्रेडर्स के संचालक संजय अग्रवाल उनके भाई संदीप अग्रवाल कार से अपने पिता ओंकार प्रसाद अग्रवाल को लेने अपनी बहन करेली गए थे। रात 9.30 बजे दोनों पुत्र अपने पिता को लेकर लौट रहे थे तभी गोटेगांव नरसिंहपुर के बीच कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार दोनों पुत्र और पिता की मौत हो गई । जबकि कार चला रहे नाती हनी अग्रवाल और यश को गंभीर चोट आई जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मृतकों के जीवित अवस्था का चित्र।

#### ऐसे हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि नाती हनी अग्रवाल कार चला रहा था। सामने से तेजी गति से आ रहे ट्रक को देखकर हनी ने कार की स्पीड कम उसे सड़क नीचे उतार दिया इसके बाबजूद ट्रक चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए कार को सामने से टक्कर मार दी। कार में सवार दो पुत्र सहित एक पिता की मौत हो गई जबकि नाती हनी और यश घायल है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### पाटन में शोक की लहर

इस हृदयविदारक घटना अग्रवाल परिवार में शोक की लहर है। पाटन के लोग यह मानने को तैयार नहीं है कि जिन अग्रवाल परिवार के सदस्य एक दिन पहले उनसे हंसी-खुशी मिलकर गए थे वे इस दुनिया में नहीं है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस घटना से दो पीढ़ी का अंत हो गया जबकि तीसरी पीढ़ी घायल है।

**साथी से झगड़े के बाद RPF जवान ने चलाई गोलियां**

# जयपुर-मुंबई ट्रेन में फायरिंग, आरपीएफ ASI समेत चार की गोली मारकर हत्या

**मुंबई ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन में एक RPF कांस्टेबल ने अपने सीनियर एएसआई पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस घटना में एएसआई और 3 अन्य यात्रियों की गोली लगने से मौत हो गई। चेतन नाम के कांस्टेबल ने फायरिंग की। जिसे मीरा रोड से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों शवों को शताब्दी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। जानकारी के मुताबिक, यह घटनाक्रम सोमवार सुबह 5 और 5.30 के बीच है। हालांकि फायरिंग होने की वजह का अभी पता नहीं चला है, लेकिन बताया जा रहा है कि आरपीएफ कांस्टेबल और उसके सीनियर एएसआई में किसी बात को लेकर तनातनी और कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद कांस्टेबल ने गुस्से में आग बबूला होकर फायरिंग कर दी। फायरिंग पालघर और मुंबई के बीच दहिसर इलाके में ट्रेन में हुई। RPF कांस्टेबल चेतन को मानसिक तनाव में बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि आरपीएफ के दो जवानों के बीच पहले कहा सुनी होती है। हाथापाई के बाद दोनों एक दूसरे पर फायरिंग कर देते हैं। आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। चलती ट्रेन से कूदकर भागने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ जारी है। पता लगाया जा रहा है कि दोनों के बीच किस बात पर विवाद हुआ। आरपीएफ कांस्टेबल ने चलती ट्रेन के अंदर गोलीबारी कर दी। और दहिसर स्टेशन के पास ट्रेन से बाहर कूद गया। आरोपी सिपाही को हथियार समेत हिरासत में लिया गया है। मैं डर गया और सीट में किनारे ही दुबककर बैठ गया।सुबह करीब पांच बजे गोली चलने की आवाज आई। जब मैं एसी कोच की तरफ गया तो देखा कि लाशें पड़ी हुई हैं। पुलिस कांस्टेबल के हाथ में रिवॉल्वर थी और वह डिब्बे में इधर-उधर घूम रहा था। एएसआई साहब नीचे गिरे पड़े थे। वहीं एक अन्य यात्री ने बताया कि अचानक यात्रियों के मारे जाने से वह घबरा गए, लगा कि आतंकी हमला हो गया।



#### आतंकी हमला सोच ट्रेन से कूदे, आंख खोलते ही देखी लाशें...

यात्रियों ने बताया की उन्हें कुछ समझ नहीं आया। ट्रेन में अचानक फायरिंग होने लगी। अफरा-तफरी मच गई। यात्री बोगी को छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। कुछ अपने बच्चों को छिपाकर भागे तो कोई अपना सामान लेकर भागा।एक यात्री ने बताया कि जब फायरिंग हुई तो वह सो रहे थे। अचानक तेज आवाज सुनी तो घबरा गए। पहले उन्हें लगा कि ट्रेन हादसा हुआ है। लेकिन जैसे ही आंख खुली और देखा तो सामने खून से लथपथ लाशें पड़ी थीं।



### हिमाचल में बारिश से 8 हजार करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

इस मानसून सीजन हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा तबाही मची है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के मुताबिक 34 लोग अब तक लापता हैं और 215 लोग घायल हुए हैं। राज्य में 702 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसके अलावा 7161 घर आंशिक रूप से टूटे हैं। बारिश और बाढ़ में 241 दुकानें बह गई। तीन नेशनल हाईवे समेत 650 से अधिक सड़कें बंद हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले 75 सालों में राज्य में आई ये सबसे बड़ी तबाही है। बारिश के चलते राज्य को 8,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की वजह से हुई अलग-अलग घटनाओं में अब तक 187 लोगों की मौत हुई है, 34 लापता हैं। तेलंगाना में एक हफ्ते में 18 लोगों की मौत हो गई।

**परेशान व्यापारियों ने कराई एफआईआर**

## अब 20 लाख के टमाटरों से लदा ट्रक रहस्यमय ढंग से लापता

**कोलार ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

पूरे देश में टमाटर के दामों में बहुत तेज उछाल से जहां ग्रहकों की जेब ढीली हो रही है, वहीं कुछ किसानों और व्यापारियों ने टमाटर बेचकर तगड़ा मुनाफा कमाया है. इसके साथ ही टमाटर की चोरी और लूट की भी कई खबरें सामने आई हैं. अब एक ताजा मामले में कर्नाटक के कोलार से राजस्थान के लिए निकला 20 लाख रुपये कीमत के टमाटरों से लदा ट्रक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है. एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद परेशान व्यापारियों ने कोलार पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई. जिसमें कहा गया कि दो व्यापारियों ने 27 जुलाई को कोलार एपीएमसी यार्ड से राजस्थान के जयपुर तक टमाटर ले जाने के लिए ट्रक बुक किया था। गौरतलब है कि थोक बाजार में टमाटर की कीमतें अभी भी 15 किलो के बॉक्स के लिए 2,000 रुपये के आसपास हैं. जबकि खुदरा में टमाटर के दाम 150 से 200 रुपये किलो के बीच बढ़-घट रहे हैं. टमाटरों से लदे ट्रक को शनिवार रात जयपुर पहुंचना था. जबकि ट्रक अपनी मंजिल तक नहीं पहुंचा है और ड्राइवर का मोबाइल फोन बंद है. ट्रक ऑपरेटर से संपर्क करने की कोशिशें भी व्यर्थ साबित हुई हैं. किसी गड़बड़ी की आशंका जताते हुए कोलार के व्यापारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के सूत्रों ने कहा कि जीपीएस ट्रैकर के मुताबिक ट्रक ने कोलार से लगभग 1,600 किमी. की दूरी तय की थी, जिसके बाद वाहन का कोई पता नहीं चला. ट्रक के क्लीनर के पास कोई मोबाइल नहीं है ।



#### 2 लड़कों को चगिरवी रखकर 4 किलो टमाटर ले गया शख्स,

कटक, एजेंसी। टमाटर की आसमान छूती कीमतों के बीच यहां के छत्र बाजार में धोखाधड़ी की एक खबर चर्चा में है जिसमें एक ठग ने सब्जी वाले से 4 किग्रा टमाटर लिए और वह बिना पैसे दिए फरार हो गया. उसने इस ठगी में 2 नाबालिगों का इस्तेमाल किया था. खबरों के अनुसार एक ठग ने 2 नाबालिग लड़कों से कहा कि वाशिंग मशीन को गाड़ी में चढ़ाना है और इसके लिए वह उन्हें 300 रुपए देगा. लड़के इसके लिए फौरन तैयार हो गए और वे उस व्यक्ति के साथ चल दिए. ठग उन्हें एक सब्जी वाले के पास ले गया और उन दोनों वहीं बैठा दिया और कुछ देर वहीं रुकने के लिए कहा.इसके बाद ठग ने सब्जी वाले से कहा कि उसे 10 किलो टमाटर चाहिए; लेकिन पहले वह 4 किग्रा ही लेकर जाएगा और बाद में आकर 6 किग्रा लेगा. उसने सब्जी वाले से कहा कि ये सब्जियां उसे एक रिश्तेदार को देनी है. चूंकि दो बच्चे सब्जियों के पास ही बैठे थे; दुकानदार ने भरोसा करते हुए ठग को जाने दिया. जब वह व्यक्ति घंटों तक वापस नहीं आया।




### आज है आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31

**चूके तो 31 दिसंबर तक मिलेगा ये मौका**

**नई दिल्ली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2023 है। अगर इस दिन भी आप आईटीआर भरने से चूक जाते हैं तो जुर्माने के साथ 31 दिसंबर, 2023 तक बिलेटेड रिटर्न भर सकते हैं। किसी वित्त वर्ष के लिए रिटर्न भरने की मूल समय-सीमा खत्म होने के बाद बिलेटेड रिटर्न भरने का मौका रहता है। आयकर अधिनियम की धारा 139(1) के तहत किसी आकलन वर्ष के लिए नियत समय-सीमा के भीतर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर धारा 234एफ के तहत जुर्माने के साथ बिलेटेड रिटर्न भरने की गुंजाइश रहती है। अगर आयकरदाता की कुल आय 5 लाख से अधिक नहीं है तो उसे 1,000 रुपये जुर्माना भरना होगा। आय 5 लाख से अधिक है तो 5,000 रुपये जुर्माना लगेगा।

# मणिपुर को मातृ स्पर्श की आवश्यकता है

**राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा का ट्वीट**

**नई दिल्ली, यशभारत।** राज्यसभा सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने ट्वीट कर राज्यपाल अनुसुइया उइके की भरपूर प्रशंसा की और भाजपा नेतृत्व से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर राज्यपाल को इसकी बागडोर सौंपने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर उइके को प्रभार दिया जाता है तो स्थिति नाटकीय रूप से बदल सकती है, उन्होंने कहा कि उनमें मातृत्व का स्पर्श है। यह इंगित करते हुए कि उइके एक आदिवासी हैं, उनके राज्य एमपी से आती हैं, तन्खा ने कहा, उइके सिर्फ मणिपुर की राज्यपाल नहीं हैं, बल्कि एक बहुत ही समझदार और विचारशील महिला हैं। वह एमपी के छिंदवाड़ा जिले में पली-बढ़ीं। अगर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन पर भरोसा रखें और मणिपुर में राज्यपाल बागडोर सौंप दी जाए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो राज्य में स्थिति बदल सकती है। उन्होंने कहा, मणिपुर को मातृ स्पर्श की जरूरत है।



### एनडीए सांसदों के साथ आज से पीएम मोदी की बैठक

**नई दिल्ली ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 जुलाई से भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों से मिलेंगे। 10 अगस्त तक चलने वाली इन बैठकों में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ बैठक के लिए एनडीए सांसदों के 10 समूह बनाए हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में प्रधानमंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के सांसदों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ इन सांसदों की बैठक सोमवार शाम छह बजे महाराष्ट्र सदन में होगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद रहेंगे।





# मर्यादा में बंधे पुलिस कर्मी मांग-पत्र भी नहीं देते

**उनकी तकलीफें देखकर बढ़ाईं सुविधाएं : मुख्यमंत्री**

**भोपाल ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अनुशासन के दायरे में रहने और मर्यादा में बंधे रहने के कारण पुलिसकर्मी अपनी समस्याओं से अवगत नहीं करवाते, न ही कोई मांग-पत्र आदि देते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री जी की शहडोल यात्रा के समय उन्होंने मैदानी पुलिस बल के सदस्यों से चर्चा में उनकी समस्याएं पूछीं तो वे मौन रहे, लेकिन फील्ड में पुलिसकर्मियों की समस्याएं देखने को मिलती हैं। ऐसे में पुलिस जवानों की सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में उनसे मिलने पहुंचे पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों सहित पुलिस बल के मैदानी अमले को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रदेश के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के हित में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं के लिए पुलिस-बल ने आज मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर उनका आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुलिस-बल के कल्याण की महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, कंपनी कमांडर, उप निरीक्षक और आरक्षकों ने पुष्प-गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। पुलिस कमिश्नर श्री हरि नारायणचारी मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित निरीक्षक, उप निरीक्षक, आरक्षक उपस्थित थे।

#### मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रमुख घोषणाएं

सभी पुलिस थानों में पदस्थ आरक्षक से उप-निरीक्षक स्तर तक के ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को जिनके पास शासकीय वाहन नहीं है, उन्हें 15 लीटर पेट्रोल-भत्ता प्रतिमाह दिया जायेगा।पुलिसकर्मियों का पौष्टिक आहार भत्ता एक हजार रूपए प्रतिमाह किया जायेगा।आरक्षक एवं प्रधान आरक्षक का वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 5 हजार रूपए किया जायेगा।ाज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को पंचम वेतनमान दिया जायेगा।निश्शुल्क भोजन भत्ते की दर 100 रूपए प्रतिदिन की जायेगी।45 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुलिसकर्मियों का निश्शुल्क मेडिकल चेकअप किया जायेगा।सभी पुलिसकर्मियों के लिए रोटेशन से साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जायेगा।पुलिसकर्मियों के लिए 25 हजार नये आवास बनाये जायेंगे।विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के जवानों के लिए एक हजार रुपये भत्ता राशि स्वीकृत होगी।

**मून मिशन** ISRO देगा इस अहम काम को अंजाम

# धरती की कक्षा से निकल अब चांद की सैर करेगा चंद्रयान-3

**बेंगलुर ● एजेंसी**
yashbharat.co.in

भारत का तीसरा मून मिशन, चंद्रयान-3 अब चांद की कक्षा में पहुंचने से महज 6 दिन दूर है. इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी की कक्षा से चंद्रमा की कक्षा में भेजने के लिए 1 अगस्त को 12 बजे से 1 बजे के बीच उसके थ्रस्टर्स को चालू करने की योजना बनाई गई है. मध्यरात्रि में ट्रांस-लूनर इंजेक्शन की प्रक्रिया को पूरा होने में 28 से 31 मिनट के बीच का समय लगने की उम्मीद है. चंद्रयान-3 के ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स को तब फायर किया जाएगा, जब चंद्रयान-3 पृथ्वी के निकटतम बिंदु पर होगा, न कि तब जब सबसे दूर के बिंदु पर होगा। चंद्रयान-3 के थ्रस्टर्स को चालू करके उसकी रफ्तार बढ़ाने की कोशिश, उसके धरती के सबसे करीब बिंदु से इसलिए की जाती है क्योंकि तब उसकी गति सबसे ज्यादा होती है. चंद्रयान-3 मौजूदा वक्त में 1 किमी/सेकंड और 10. 3 किमी/सेकंड के बीच के वेग से एक अण्डाकार कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है. चंद्रयान-3 का वेग धरती के सबसे करीबी बिंदु पर सबसे ज्यादा (10.3 किमी/सेकंड) और धरती से सबसे दूर बिंदु पर सबसे कम होता है. चंद्रयान-3 की रफ्तार को बढ़ाने की कोशिश करते समय उसको तेज रफ्तार की जरूरत होगी. दूसरा कारण यह है कि चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए इसके कोण को बदलना होगा. जिसे चंद्रयान-3 के धरती के सबसे करीबी बिंदु पर बदला जा सकता है.ट्रांस-लूनर इंजेक्शन के लिए पहले से तैयार और लोड किए गए कमांड, थ्रस्टर्स के चालू होने की उम्मीद के समय से लगभग पांच-छह घंटे पहले शुरू किए जाएंगे. इससे चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए चंद्रयान-3 को अपना कोण बदलने में मदद मिलेगी. इसके अलावा थ्रस्टर्स की फायरिंग से इसकी रफ्तार भी बढ़ेगी. टीएलआई के बाद चंद्रयान-3 का वेग पेरिगी की तुलना में लगभग 0.5 किमी/सेकंड अधिक होने की उम्मीद है. चंद्रयान-3 को औसतन 1. 2 लाख किलोमीटर का सफर तय करने में करीब 51 घंटे का समय लगता है. जबकि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की औसत दूरी 3.8 लाख किमी है. बहरहाल किसी भी दिन वास्तविक दूरी पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति के आधार पर अलग होगी।



# मलमास के चौथे सावन सोमवार पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, सुबह से शिवालयों में चली अराधना





**कटनी, यशभारत।** आज यानी 31 जुलाई 2023 को सावन का चौथा सोमवार है। सावन सोमवार पर व्रत रखना और भगवान शिव की पूजा करना शुभ फलदायी माना गया है। सावन सोमवार के दिन भोलेनाथ के भक्त व्रत रखते हैं और मंदिर जाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि सावन सोमवार के दिन जलाभिषेक करने से दरिद्रता और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। यदि सावन के सभी सोमवार पर भगवान शिव की श्रद्धा पूर्वक पूजा की जाए तो महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और भक्तों के ऊपर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। साथ ही शिव जी की कृपा से भक्तों के सभी बिगड़े काम भी बनने लगते हैं। इस बार सावन के चौथे सोमवार पर कुछ खास योग बन रहे हैं। ऐसे में इस दिन कुछ विशेष उपाय करने से जीवन में खुशियां आती हैं।

### शुभ योग में है सावन का चौथा सोमवार

सावन के चौथे सोमवार पर शुभ योग बन रहा है। इस दिन रवि योग सुबह 05 बजकर 42 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 58 मिनट तक है। इसके अलावा विष्कम्भ योग सुबह से लेकर रात 11 बजकर 05 मिनट तक रहेगा। फिर प्रीति योग शुरू हो जाएगा। रवि और प्रीति योग को बहुत शुभ माना जाता हैं।

### सावन के चौथे सोमवार पर करें ये उपाय

यदि आपके दांपत्य जीवन में परेशानियां आ रही हैं तो सावन के चौथे सोमवार को शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से दांपत्य जीवन में खुशहाली आती है। यदि आपके घर में आर्थिक तंगी चल रही है, कारोबार में नुकसान उठाना पड़ रहा है या नौकरी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तो इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए आप सावन के चौथे सोमवार पर अनार के जूस शिवलिंग का अभिषेक करें।

## गंगाकावेरी एक्सप्रेस की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन

### नई समयसारणी 2 अक्टूबर से होगी प्रभावशील

**कटनी, यशभारत।** छपरा से चेन्नई के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई गंगाकावेरी एक्सप्रेस के कटनी आगमन व प्रस्थान समय में रेलवे ने आंशिक संसोधन किया है। समय सारणी में उक्त बदलाव आगामी 2 अक्टूबर से प्रभावशील हो जाएगा। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई गंगाकावेरी एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलने वाली ट्रेन को आगामी 2 अक्टूबर से अपने प्रारंभिक स्टेशन छपरा से निर्धारित समय रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:35 बजे कटनी आएगी और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद सुबह 8:40 बजे आगें के लिए प्रस्थान करेगी। ट्रेन की समय सारणी में इसी प्रकार का आंशिक संसोधन सतना व जबलपुर स्टेशन में भी किया गया है। गौरतलब है कि अभी यह ट्रेन प्रातः 8:30 पर कटनी आती है और 5 मिनट का ठहराव लेने के बाद 8:35 पर आगें के लिए प्रस्थान करती है।

## कटनी में बिना रूके चलेगी दानापुर-बेंगलुरु एसी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

### सतना, जबलपुर व इटारसी में होगा ठहराव

**कटनी, यशभारत।** यात्री ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे के द्धारा दानापुर से एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन के बीच कटनी होकर 5-5 ट्रिप गाड़ी संख्या 03241/03242 दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एसी सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है लेकिन इस ट्रेन का स्टापेज कटनी में नहीं दिया गया है जबकि यह ट्रेन कटनी के आजूबाजू स्थित जबलपुर व सतना स्टेशन में ठहराव लेकर चलेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 28 जुलाई से 25 अगस्त तक प्रत्यके शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से 15:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना 00:13 बजे, जबलपुर 03:05 बजे, इटारसी 07:00 बजे और तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03242 एसएमवी बेंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 30 जुलाई से 27 अगस्त तक प्रत्येक रविवार को एसएमवी बेंगलुरु स्टेशन से 23:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 06:35 बजे, जबलपुर 10:10 बजे, सतना 13:05 बजे और तीसरे दिन 23:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते मे दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर, काटपाड़ी, जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

## नल जल योजना के कार्य के लिए खोदी गई सड़क का कलेक्टर ने कराया पुनर्निर्माण

**कटनी, यशभारत।** नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने आदि कार्य के बाद क्षतिग्रस्त सड़क को समयसीमा में दुरुस्त करने, गड्ढों आदि को भरने और खुले पड़े चौंबर को ढक कर व्यवस्थित करने के निर्देश जनसुविधा और जन सुरक्षा के मद्देनजर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तत्सम्बंध में आ रही शिकायतों का निराकरण के परिपेक्ष्य में दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसके तत्काल निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पचपेढ़ी में नल जल योजना के कार्य के चलते पाइप लाइन बिछाने, नल कनेक्शन डालने, पाइप लाइन टेस्टिंग और बाल्ब लगाने आदि के लिए सड़क तोड़ी गई थी। जिससे आवागमन में हो रही असुविधा को लेकर शिकायत कलेक्टर श्री प्रसाद के समक्ष आने पर उन्होंने तत्काल इसकी जांच कर निराकरण कार्यवाही कराए जाने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया। निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा नलजल योजना संबंधी समस्त कार्य पूर्ण होने के उपरांत उक्त सड़क का पुनर्निर्माण ठेकेदार के माध्यम से कराते हुए शिकायत का निराकरण कराया गया है। इसी तरह विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम बाकल में नल जल योजना अंतर्गत कार्य प्रगति पर होने के कारण चेंबर खुले पड़े होने संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यपालन यंत्री पीएचई को इसे व्यवस्थित करने निर्देशित किया गया है।

### ग्राम बंधी में नल जल योजना के लिए पुन: निविदा आमंत्रित करने प्रक्रिया जारी

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बंधी धुरी में पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यपालन यंत्री पीएचई को इसकी जांच कर इसके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया था। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर की गई जांच में पाया गया कि ग्राम में 4 हैंडपंपों और एक समर्सिबल पंप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। ग्राम के वार्ड क्रमांक 13 में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नवीन नलकूप का खनन कराकर उसमे हैंडपंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम की नल जल योजना का कार्य मेसर्स नेट लिंक भोपाल को सौंपा गया था। समय सीमा में कार्य पूर्ण न करने के कारण उसका अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जाकर पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही प्रगति पर है।

# खबर के बाद बरही पुलिस में जागा जांच का जज्बा

## बरही में आदिवासी किसान से ट्रेक्टर खरीदी में धोखाधड़ी का मामला, पीड़ित व आरोपियों के कलमबद्ध हुए बयान

### ट्रेक्टर एजेंसी सिया इंटरप्राइजेज के धोखेबाजों को बचाने का आरोप

**कटनी/बरही, यशभारत।** करौदीकलां के पीड़ित आदिवासी किसान की फरियाद में भले ही अभी तक बरही पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया है लेकिन प्रकाशित खबर के बाद बरही पुलिस में जांच का जज्बा जाग गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के साथ ट्रेक्टर एजेंसी के कर्मचारियों, एजेंटों के भी बयान कलमबद्ध करने की कवायद को 80 फीसदी पूर्ण कर लिया है। इतना ही नही 4 जुलाई को जिस पीड़ित नारायण जायसवाल ने शिकायती पत्र दिया था, उसके भी बयान कलमबद्ध किए गए हैं। गौरतलब है कि ट्रेक्टर एजेंसी से धोखाधड़ी का शिकार हुए बरही के करौदीकलां के पीड़ित किसान राजेश सिंह गौड़ व उनकी पत्नी रानी सिंह द्वारा बरही में संचालित सिया इंटरप्राइजेज ट्रेक्टर एजेंसी के मैनेजर/मालिक धीरेंद्र पांडेय, कमलकांत उर्फ मंटु तिवारी सहित बद्री सेन, राजेश दाहिया के ऊपर धोखाधड़ी करने के लगाए गए थे लेकिन इस गंभीर अपराध पर बरही पुलिस पर्दा डालने का काम कर रही थी। खबर प्रकाशित होने के बाद पर्दा उठाने के




काम मे बरही पुलिस के ईमानदार अधिकारी जुट गए है, जिसके बाद न्याय की कुछ आस नजर आने लगी है। उल्लेखनीय है कि बरही में संचालित सिया इंटरप्राइजेज से राजेश सिंह गौड़ ने डेढ़ लाख रुपए जमा कर स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर खरीदा था, जिसे महिंद्रा एंड महिंद्रा से फाइनेंस कराया गया था। एजेंसी संचालक व उसके कर्मचारियों ने ट्रेक्टर के साथ फोटो सेशन कराया और ट्रेक्टर बहाना कर वापस ले आए। इसके बाद पीड़ित को ट्रेक्टर नहीं मिला जबकि फाइनेंस की किस्त हाल ही में दबाब डालकर जमा करा दी गई। पीड़ित अपने ट्रेक्टर की मांग कर रहा है तो एजेंसी संचालक उसे गुमराह करते हुए किसी लाखन सिंह नामक व्यक्ति पर रिपोर्ट करने का दबाब बना रहा था जबकि पीड़ित का साफ कहना है कि वे ट्रेक्टर एजेंसी वालों को जानते हैं।

### फर्जी एग्रीमेंट से बचने का तिकड़म

पीड़ित राजेश सिंह पर लाखन सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का दबाब ट्रेक्टर एजेंसी के संचालक धीरेंद्र पांडेय व कर्मचारी कमलकांत उर्फ मंटु तिवारी द्वारा किया गया। इतना ही नही खुद को पाक साफ बताने के लिए फर्जी एग्रीमेंट भी तैयार किए गए हैं, जिससे मामला पुलिस में पहुंचने पर खुद बच सके लेकिन ऐसी कहावत है चोर चोरी बड़ी सफाई से करता है लेकिन कुछ सुराग छूट ही जाता है। बहरहाल इस मामले की जांच बरही पुलिस ईमानदारी से करेगी तो ट्रेक्टर खरीदी के नाम पर सीधे-साधे किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का बड़ा खुलासा हो सकता है। बहरहाल साक्ष्य, सबूत, बयान, गवाह के आधार पर बरही पुलिस पूरी निष्ठा से इस गंभीर मामले का खुलासा करेंगी।

### नारायण, रामबहोरी का लाखन से एग्रीमेंट

पीड़ित राजेश सिंह गौड़ के अलावा 4 अन्य किसान भी इसी तरह की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, जिनमे बरही थाना क्षेत्र के करौदी के ही रहने वाले पीड़ित किसान नारायण जायसवाल ने गत 4 जुलाई को बरही थाना में शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। बताया गया है कि नारायण के अलावा बराकोटरी के रामबहोरी ने किसी लाखन सिंह से एग्रीमेंट किया था लेकिन लाखन नाम का व्यक्ति बरही से भाग चुका है।

### बरही पुलिस ने दुत्कारा तो एसपी से गुहार

पीड़ित आदिवासी राजेश सिंह गौड़ की फरियाद बरही पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़ित ने कटनी पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन से शिकायत करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगा दी। साहब ने बरही के साहब को कॉल कर पूंछ लिया कि राजेश के आवेदन में क्या कार्यवाई हुई,फिर होना क्या था राजेश के साथ ही 4 जुलाई को नारायण जायसवाल द्वारा दिए गए आवेदन पर भी जांच शुरू कर दी गई।

### बरही से खरीदी, उमरिया में रजिस्ट्रेशन

पीड़ित ने जिस ट्रेक्टर को बरही में संचालित एजेंसी से खरीदा था, उसका रजिस्ट्रेशन उमरिया आरटीओ आफिस से हो गया जबकि पीड़ित को इसकी जानकारी तक नहीं थी, वहीं उसे आज तक उसका ट्रेक्टर नहीं मिला।



## कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला -कटनी (म.प्र.)

Email: cmobarhi@mpurban.gov.in

पत्र क्र. 632/ई-टेण्डर/2023-24 बरही, दिनांक 28/07/2023

निविदा सूचना

एतद द्वारा निकाय सीमा में शामिल समस्त अनाधिकृत कालोनियों का विस्तृत सर्वे कार्य, लेआउट प्लान तैयार किये जाने एवं अन्य अनुषंगिक कार्यों हेतु अनुभवी योजनाकारों (Town Planner) /प्रोप्राईटरशिप फर्म/कंसल्टेंट फर्म/इंजीनियर से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| सं. क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 2023_UAD_294981_1 31/07/2023 | अवैध कालोनियों के नियमितिकरण हेतु आवश्यक सर्वेक्षण एवं तकनीकी कार्य हेतु दरों का निर्धारण। | 01 माह 500000 | 2000.00 5000.00 | 16.08.2023 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, बरही


## आवासों का गृहप्रवेश एवं सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि वितरण कार्य कल

**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आवासों का गृहप्रवेश एवं सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन 1 अगस्त को स्थान आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन ,एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल से समय अपरान्ह 3 बजे किया जाना है। जिला परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा कटनी जिले अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में नगर पालिक निगम कटनी तथा नगर परिषद कैमोर बरही एवं विजयराघवगढ़ में 01 अगस्त 2023 को आयोजित करने हेतु कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था सहित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है।

## बांधा मंदिर में महाआरती 1 अगस्त को



**कटनी।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 01 अगस्त मंगलवार पवित्र अधिमास श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर सायं 7 बजे भगवान मुरली मनोहर जी, भगवान भोलेनाथ जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी की वैदिक विधि विधान से संध्या महाआरती होगी। श्री राधाकृ-नवजयण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेशपाठक, सीताराम मिश्रा, सत्येन्द्र त्रिपाठी, मनोज पाठक, कृष्णकांत पांडे, ओमप्रकाश दुबे, पप्पू पाठक, श्री गौतम, ओम दुबे, उमेश या पाठक, शेखर मिश्रा, शेलेलेंद्र विश्वकर्मा, बडू सिंह ठाकुर, बहादुर कुशवाहा आदि ने सभी धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

## नमो शिव किसान चौपाल की कार्ययोजना बनाई




**कटनी, यशभारत।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर किसान मोर्चा के द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इस नमो शिव किसान चौपाल का आयोजन किसान मोर्चा गांव गांव करेगा में जिसमें किसान मोर्चा के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना की जानकारी किसानों को दी जाएगी। बैठक की प्रस्तावना किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने रखी। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसान मोर्चा इस बार विधानसभा चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा। बैठक में अलका जैन, श्रीमती सीमा जैन, वरिष्ठ नेता सुरेश रोचलानी, आशुतोष शुक्ला, रवि खरे, पुष्पराज सिंह, अवध पयासी, विवेक अहिरवार, उदयभान सिंह शिवप्रकाश चक्रवर्ती, जिला मंत्री इंद्र मिश्रा, दीपक गौतम, कमल साहू, मंडल अध्यक्ष, गुड्डु साहू, दिनेश भदौरिया, श्रीराम पटेल, मनीष त्रिसोलिया, जित्तू पटेल सहित किसान मोर्चा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति रही ।


सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में

ऑल इंडिया रिलीज

28 जुलाई से

रोजाना 11 शो



10.15 AM (AUDI-1)
12.30 PM (AUDI-2)
01.15 PM (AUDI-1)
04.15 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)
11.30 AM (AUDI-3)
03.00 AM (AUDI-3)
06.00 PM (AUDI-3)
09.00 PM (AUDI-3)
10.30 PM (AUDI-2)


रॉकी और रानी की प्रेम कहानी

कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी, जया बच्चन आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में




ऑल इंडिया रिलीज

28 जुलाई से रोजाना 2 शो

03.30 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
(ENGLISH)

OPPENHEIMER-2D
(IN HINDI)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- मो. 9993123830

यश भारत

क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)

• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

| 1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन |
|---|---|---|---|---|
| Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/- |

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ

भवन नामांतरण • आम सूचना • इश्तहार • गुमशुदा • नाम सुधार • जन्मदिन

बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9425362893, 8839684296
e-mail : katni@yasshbharat.com

यशभारत
# सिटी न्यूज
कटनी, सोमवार, 31 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यशभारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# 6 घंटे का परमिट, 10 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

## मझगवां फाटक आरओबी पर विद्युत लाइनोंके रख-रखाव के लिए लिया गया था परमिट

यशभारत खास खबर

**कटनी, यशभारत।** एक तो वैसे ही बारिश के अभाव में शहर के लोगों का गर्मी और उमस से बुरा हाल है, इसके बाद यदि 10 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी तो लोगों की परेशानियां बढ़ना स्वाभाविक है। रविवार का दिन हजारों शहरवासियों के लिए परेशानियों से भरा रहा। सुबह 6 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक पहरूआ फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। लोक निर्माण विभाग द्वारा मझगवां रेल ओव्हर ब्रिज के ऊपर से गुजरी अति उच्च दाव विद्युत लाइनों के उन्नयन कार्य हेतु रविवार 30 जुलाई को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखने का परमिट लिया गया था लेकिन दोपहर 12 बजे की बजाए शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### उमस और गर्मी से बुरा हाल रहा आधे शहर का

पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से शहर सहित ग्रामीण अंचलों के लोग गर्मी और उमस से जूझ रहे हैं। जून के अंतिम सप्ताह और जुलाई के पहले हफ्ते में मानसून की दस्तक होने के बाद लोगों को न केवल भीषण गर्मी से राहत मिली थी, वरन नदियों और तालाबों के जलस्तर में भी वृद्धि हुई थी लेकिन इसके बाद अचानक बारिश का सिलसिला रूक गया। तेज धूप की वजह बीमारियों ने दस्तक दे दी। तापमान भी लगातार बढ़ने लगा। गर्मी और उमस से हर कोई परेशान नजर आ रहा है। इसी बीच कल रविवार को विद्युत विभाग की मनमानी की वजह से लोगों की परेशानियों में इजाफा हो गया। सुबह से लेकर शाम तक बिजली आपूर्ति ठप होने से बच्चों और बुजुर्गों का बुरा हाल रहा।

### यह विज्ञापन जारी किया था विद्युत विभाग ने



कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. कटनी

क्र./कार्य.अभि./शहर/विज्ञा./866 — विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना — कटनी, दिनांक- 28.07.2023

माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. शहर संभाग कटनी के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. कटनी-1, कटनी-2 एवं 11 के.व्ही. कन्हवारा फीडर के अंतर्गत मझगवां रेल्वे फाटक पर निर्माणाधीन आर.ओ.बी. के ऊपर से निकल रही अति उच्चदाब विद्युत लाईनों के उन्नयन कार्य पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा आवश्यक रख-रखाव हेतु कार्य किया जाना है। उक्त कार्य हेतु दिनांक 30.07.2023 समय प्रातः 06:00 बजे से 12:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर समयावधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. फीडर | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित शिकायत कक्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.07.2023 | 33 के.व्ही. कटनी-1 कटनी- 2 एवं 11 के.व्ही. कन्हवारा | 33 के.व्ही. कटनी 1 एवं 33 के.व्ही. पुरैना से 11के.व्ही. सिटी-5, सिटी-6, कन्हवारा, लमतरा, कैलवारा, इण्डस्ट्रियल 1 एवं 2, वेयर हाउस, रामपुर, इण्डस्ट्रियल 1 एवं 33 के.व्ही. कटनी 2 से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रोशन नगर, झुकेही, कांदी, मझगवां एवं अमाड़ी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपकेन्द्र एवं उनसे निकलने वाले 11 के.व्ही. फीडर सुभाष चौक, पहरूआ, मिशन चौक, पन्ना मोड़, कुठला, चांडक चौक, आदर्श कालोनी, आधार कांप, न्यू बस स्टेण्ड, जुहला, पड़रिया, बजरंग कालोनी, चुनकई मोहल्ला, राहुल बाग, दुबे कालोनी न्यू मिशन नगर एवं उपरोक्त फीडरों से जुड़े समस्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। | गणेश चौक 9425807546 9425807551 |

नोटः- उच्चदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दिनांकों में विद्युत प्रदाय बंद होने पर आपसे अनुरोध कि अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करने का कष्ट करें।

### दिन-भर करते रहे बिजली का इंतजार

लोगों ने बताया कि सुबह 6 बजे जब बिजली आपूर्ति बाधित हुई तो लोगों ने विद्युत विभाग सहित अन्य माध्यमों से कटौती का कारणा पता लगाया। जिस पर यह बात पता चली कि मझगवां आरओबी में विद्युत लाइनों के रखरखाव की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है और दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति बहाल होगी, लेकिन इसके बाद भी आपूर्ति सुचारू नहीं हुई और लोग दिन भर बिजली आने का इंतजार करते रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने कईयों बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मोबाइल पर फोन लगाया लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

### इनवर्टर फेल, घरों में पानी तक नहीं

बताया जाता है कि सुबह 6 बजे से बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद लोगों के घरों इनवर्टर तक फेल हो गए और पीने के पानी तक के लिए परेशान होना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बताया कि रविवार का दिन होने की वजह से ज्यादातर लोग अपने-अपने घरों पर ही थे और दिन भर बिजली आपूर्ति बंद रहने की वजह परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के चांडक चौक, नदीपार, शिवनगर, बालाजी नगर, वल्लभनगर, शिवाजी नगर, कुठला, इन्द्रानगर, नई बस्ती, आधारकाप, आदर्श कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों के लोग बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान रहे।

## सावन : एसकेपी में शिव महापुराण



पवित्र सावन मास पर उपनगरीय क्षेत्र एसकेपी स्थित शिव मंदिर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक का आयोजन हो रहा है। आयोजन के पहले ही दिन भीड़ उमड़ी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## बांधा मंदिर में महाआरती कल

**कटनी, यशभारत।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघुवृंदावन धाम बांधा में कल 1 अगस्त को पवित्र अधिमास श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर सायं 7 बजे भगवान मुरलीमनोहर, भगवान भोलेनाथ, आदिशक्ति मां गायत्री की वैदिक विधिविधान से संध्या महाआरती होगी। श्री राधाकृष्ण सेवासमिति सदस्यों ने श्रद्धालुओं से महाआरती में शामिल होने की अपील की है।

# किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेगी कांग्रेस

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने किसानों के लिए की पांच सौगातों की घोषणा




**कटनी, यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा किसानों के हितार्थ कृषक न्याय योजना के माध्यम से 5 सौगात दिये जाने की घोषणा की है। इन सौगातों की जानकारी देने एक पत्रकारवार्ता का आयोजन कांग्रेस नेता रौनक खंडेलवाल के कार्यालय में किया गया। जिसको बड़वारा विधायक बसंत सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान एवं शहर कांग्रेस प्रवक्ता श्रेहा खंडेलवाल ने संबोधित किया। शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर किसानों के कल्याण के लिए कृषक न्याय योजना शुरू की जाएगी। योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए 5 हॉर्स पावर तक के स्थायी एवं अस्थायी पंप पर निःशुल्क बिजली प्रदान की जाएगी। इसी तरह 5 हॉर्स पावर के सिंचाई कनेक्शन पर बिजली मुफ्त देने से 37 लाख किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि जिन किसानों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए हैं, उनकी समीक्षा कर यह मुकदमे वापस लिए जाएंगे। किसानों को 12 घंटे पर्याप्त और निर्बाध बिजली उपलब्ध करायेंगे। बिजली चोरी के झूठे आरोप और दमन के खिलाफ आवाज उठाने वाले किसानों के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों को भी वापस लेंगे। शहर प्रवक्ता श्रीमति श्रेहा खंडेलवाल ने कहा कि शिवराज सरकार के बिजली बिल वसूली आतंक से प्रदेश की जनता हाहाकार कर रही है, इसीलिए कांग्रेस पार्टी ने इस तरह के मुकदमे वापस लेने का संकल्प किया है। किसानों के कृषि उपयोग के पुराने बिजली बिल की बकाया राशि माफकी जाएगी। किसानों को 12 घंटे पर्याप्त और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएंगे।



# मोहर्रम जुलूस में युवाओं ने दिखाए करतब

**बंजारी स्थित कर्बला में ठंडे हुए ताजिए**

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** मातमी पर्व मोहर्रम के अवसर पर शनिवार की शाम को हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया, जो बंजारी से होते हुए नदीपार, ईदगाह, संकट मोचन चौक, अंधामोड़ से आजाद चौक पहुंचा, जिसमे मुस्लिम धर्मावलम्बी बड़ी संख्या में ताजियों के साथ सवारी भी चल रही थी। समूचे जुलूस में युवाओं द्वारा आकर्षक करतब दिखाकर दर्शकों का मन मोह रहे थे, जिसमे लाठी, पटा, आग का गोला सहित अन्य कलाकृतियों का आकर्षक प्रदर्शन था, साथ ही ताजियों की साज-सज्जा भी अत्यंत आकर्षक बनाई गई थी। बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं, बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। जलसा में हिंदुओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर कार्यक्रम का आनन्द लिया। समस्त ताजिए आजाद चौक में एकत्र होकर वापस पुलिस थाना से बंजारी स्थित कर्बला में ठंडे हुए। नगर परिषद प्रशासन द्वारा नगर में साफ सफाई पानी एवं में रोड में चूने की लाइन आदि की व्यवस्था रही। एसडीओपी विजयराघवगढ़ के निर्देशन में पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

# नेत्र शिविर में 100 मरीजों का परीक्षण



**कटनी, यशभारत।** विद्या लोक फाउंडेशन और गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में विशाल नेत्र परीक्षण परीक्षण का आयोजन बैलटघाट रबर फैक्ट्री में किया गया। जिसमे 100 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को चिन्हित किया गया, जिनका डॉ शैफाली गुप्ता द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय फाउंडेशन अध्यक्ष अर्जित खरे, रिंकू पाठक, रफीक भाई का योगदान रहा। कार्यक्रम में वार्ड वासियों का सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ शैलेंद्र गौतम, हर्षित सिंह की उपस्थिति रही।

**पश्चिम मध्य रेल्वे**
**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**
निविदा क्रमांक: जबल/एल/टी नं. 20/2023 दिनांक: 27.07.2023
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है । **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एल/टी नं. 20/2023, दिनांक: 27.07.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर मंडल पर विभिन्न स्थानों पर 12 विविध कार्यों का विद्युतीकरण । **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** 1,42,82,732.82, **निविदा फार्म की कीमत रुपये में:** 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/ जबलपुर, **बयाना राशि रुपये:** 2,21,400/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 21.08.2023, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक):** 21.08.2023। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है । पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है ।
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य),
पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर
कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

# घर बनाने में हजारों बरस लग जाते हैं उन्हें तरस नहीं आता बस्तियां जलाने में

## आचार्य ज्ञान सागर सभागार में आयोजित धर्मसभा में मुनि समता सागर के उदगार



**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति एवं चार्तुमास धर्म प्रभावना समिति के तत्वाधान में आचार्य ज्ञान सागर सभागार में रविवार को आयोजित धर्मसभा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 समता सागर जी महाराज ने कहा कि एक व्यापारी अपने व्यापार से करोड़पति तो बन सकता है , लेकिन यह संभव नहीं है कि वह अपने जैसे 100 अन्य करोड़पति तैयार कर सके, जबकि शिक्षक स्वयं शिक्षक होते हुए भी अपने जैसे सैकड़ों शिक्षक तैयार कर सकता है। धन की सुरक्षा आप करते हैं, लेकिन विद्या और ज्ञान धन की सुरक्षा के साथ-साथ धनवान की भी सुरक्षा करते हैं। महाराज श्री ने कहा कि बच्चों के होनहार होने का मापदंड केवल इनका एजुकेशन और आया हुआ रिजल्ट है। शिक्षा के इस मापदंड में ही इनकी प्रतिभा का आंकलन है, लेकिन संस्कार के इस यज्ञ में आकर यदि बच्चों ने अपनी प्रतिभा को सम्मानित करवाया है, गुरुवर की नजर इन पर पड़ गई है, जीवन पर्यंत ये भारतीय बनकर रहे हैं और जिस कुल व समुदाय में जन्म लिया है, उसमें अपना जीवन निर्वाह किया है तो इनकी प्रतिभा का सम्मान ही सच्चा सम्मान माना जाएगा। महाराज जी ने धर्मसभा में आगे कहा कि डिग्रियां ही अकेले सम्मान नहीं दिलाती हैं। व्यक्ति के जीवन में आचरण और संस्कार है, तो बिना डिग्री के भी इस धरती पर सम्मान मिल जाता है। जिस व्यक्ति के जीवन में चरित्र नहीं है, उसके ज्ञान की चर्चा कोई नहीं करता। अगर व्यक्ति शिक्षित हो गया है, तो उसे संस्कारित होने में देर नहीं लगती है। श्रद्धा ज्ञान देती है। नम्रता मान देती है। योग्यता स्थान देती है और यह तीनों साथ मिल जाए तो व्यक्ति को हर जगह सम्मान देती हैं। महाराज जी ने कहा कि जीवन केवल निर्वाह के लिए ही नहीं होना चाहिए। जीवन निर्माण के लिए भी होना चाहिए। व्यक्ति को स्वयं अपने व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। परिवार का निर्माण करना चाहिए और नगर, प्रदेश एवं देश के निर्माण में योगदान देना चाहिए। महाराज जी ने कहा बीज बिना आवाज के बढ़ता है, लेकिन जब यही बीज पेड़ बनकर गिरता है, तो बहुत आवाज होती है। निर्माण शांत होता है और तबाही शोर मचाती है। घर बनाने में हजारों बरस लग जाते हैं, उन्हें तरस नहीं आता बस्तियां जलाने में।

### इन्हें मिला श्रावक-श्रेष्ठी बनने का सौभाग्य



कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रावक-श्रेष्ठी बनने का सौभाग्य सिं. प्रेमचंद अरिहन्त कुमार बिट्टु, प्रकाश चंद, मोनू जैन, राहुल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर हाऊसिंग बोर्ड जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं द्वारा आकर्षक ढंग से सजाकर लाई गई पूजन सामग्री द्वारा पूजन किया गया। धर्मसभा में संख्या में जैन समजा के नागरिकों की उपस्थिति रही।

### ग्राम सामाजिक एनिमेटर को पूरे साल मिले नियमित कार्य

**कटनी, यशभारत।** अपनी मांगों को लेकर ग्राम विकास सामाजिक एनिमेटर संघ वीएसए ने गत दिवस रीठी के बड़गांव पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष शरद यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिले के सभी ग्राम सामाजिक एनिमेटर को पूरे वर्ष नियमित कार्य दिया जाए। ग्राम सामाजिक एनिमेटर को सोशल ऑडिट कार्य के लिए लैपटॉप एवं कार्य के बेहतर क्रियान्वयन में सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

mgm NURSING
**प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ**
**एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग**



SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

विशेषतायें : डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक B.Sc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

सर्वसुविधा युक्त लायब्रेरी, स्पोकन इंग्लिश एवं कम्प्यूटर कोर्स की निःशुल्क सुविधा,एयरकूल्ड छात्रावास सुविधा एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध
जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )


### 4 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे कर्मचारी



**कटनी, यशभारत।** मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ, मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ द्वारा संघ की विधि सलाहकार अंजुला सरावगी बजाज का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया और 6 संघों की 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उनके माध्यम से मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष को सौंपा गया। जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें 4 अगस्त को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महेंद्र तिवारी, अवधेश दाहिया, पूर्णेश उइके, अनिल खम्परिया, अजय गौतम, मनोज श्रीवास, मोहित बर्मन, मनोज, ज्ञानेन्द्र पांडे, अजमुद्दीन शाह, हरीश बेन उपस्थित रहे।


**किराए से देना है**
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

**सिटी मॉल बरही रोड में**
शानदार दूसरा सप्ताह
28 जुलाई से रोजाना 2 शो
06.00 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1
नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा रात 9.30 बजे से




**OPPENHEIMER-2D (IN HINDI)**
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज
28 जुलाई से रोजाना 4 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.45 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.15 PM (AUDI-2)
नोट- रविवार एवं बुधवार को 6 शो चलेंगे 12.30, 3.45, 7 एवं 10.15 (ऑडी-2), 2.45 एवं 6 (ऑडी-1)




**रॉकी और रानी की प्रेम कहानी**
कलाकार- रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आजमी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
शानदार तीसरा सप्ताह
28 जुलाई से रोजाना 2 शो
12.00 PM (AUDI-1)
03.00 PM (AUDI-1
नोट- रविवार एवं बुधवार को केवल 1 शो चलेगा दोपहर 12 बजे से




**MISSION IMPOSSIBLE DEAD RECKONING PART ONE**
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## » न्यूज गैलरी

### 8 पेटी अवैध देशी शराब जप्त

भोपाल (ईएमएस)। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के अभियान के दौरान आज दिनांक 29.07.23 को थाना अयोध्या नगर पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर शुक्ला क्रेशर बस्ती में एक व्यक्ति घर के पीछे से अवैध देसी मदिरा शराब बेच रहा है उक्त घटना की तस्दीक हेतु स नि सचिन व आरक्षक सतीश आरक्षक राहुल भोपाल पहुंच कर देखा झुग्गी में एक व्यक्ति के पास 8 पेटी अवैध देसी शराब रखी पाई गई जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम सोनू उर्फ मोनू उर्फ़ वेंडी पिता हरसू मोरे उम्र 20 साल निवासी शुक्ला क्रेशर बस्ती अयोध्या नगर भोपाल का बताया जिसके कब्जे मैं रखे 8 कार्टून में कुल 400 क्वार्टर एवं एक खुले कार्टून क्वार्टर अवैध देसी शराब रखी पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर असल अपराध क्रमांक 346/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

गिरफ़्तार आरोपी- सोनू उर्फ मोनू उम्र 20 साल निवासी शुक्ला क्रेशर बस्ती थाना अयोध्या नगर भोपाल।

थाना प्रभारी थाना अयोध्या नगर नीलेश अवस्थी ,स उ.नि सचिन उपनिरीक्षक शिरोमणि यादव उपनिरीक्षक गौरव आरक्षक सतीश यादव आरक्षक राहुल यादव महिला आरक्षक रेखा एवं महिला आरक्षक रोशनी की सराहनीय भूमिका रही।

### कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश शासकीय अधिकारी / कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अधिकारी / कर्मचारी संघ के संयोजक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से राज्य की कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। श्री शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश सेवा निवृत्त अधिकारी / कर्मचारियों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ते की किश्ते जो राज्य के कर्मचारियों को नियमित रूप से दी जा रही हैं, उसी अनुसार राज्य के सेवा निवृत्त अधिकारी / कर्मचारियों को तुरंत सभी किश्तें का शीर्घ भुगतान करने का निर्णय लेवें। जिस प्रकार केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों को जब भी महंगाई भत्ता दिया जाता है, सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों को भी उस वक्त लाभ दिया जाता है, परन्तु मध्यप्रदेश एक ऐसा राज्य हैं, जहाँ अधिकारी / कर्मचारियों को हमेशा महंगाई भत्ता देने में विलंब किया जाता है। छत्तीसगढ़ फाईल भेजी जाती है, जबकि छत्तीसगढ़ पृथक हुए 20 वर्ष से भी अधिक समय हो चुका है। इस प्रकार की प्रथा शीघ्र समाप्त करते हुए राज्य के सेवा निवृत्त अधिकारी / कर्मचारियों को तुरंत महंगाई भत्ता, अन्य देयकों का भुगतान शीघ्रतिशीघ्र करने हेतु अनुरोध किया है। अन्यथा की स्थिति महासंघ अन्य संघों के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जावेगी।

### वरिष्ठ नागरिक - परिवार के वरिष्ठ ही सबकुछ है

**भोपाल, यशभारत।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा हैं, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। इंडस गार्डन फेज एक बाबड़िया कलां रोड भोपाल के योग केंद्र पर 90 वर्षीय योग साधिका श्रीमती सुशीला दीक्षित का सम्मान एवं जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कॉलोनी अध्यक्ष रमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ योग गुरु पुष्पा भदौरिया, रमेश कुमार साहू, विमला साहू, मनीषा श्रीवास्तव, किरण जौहरी, उर्मिला सिंह, दीप्ती दूरवार, ज्योति खरे, आरती नायक सहित सभी नियमित योग साधक उपस्थित रहें।योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः - इस पंक्ति को बोलते हुए हमारा शीष श्रद्धा से झुक जाता है और सीना गर्व से तन जाता है। यह पंक्ति सच भी है जिस प्रकार ईश्वर अदृश्य रहकर हमारे माता पिता की भूमिका निभाता है उसी प्रकार माता पिता हमारे दृश्य, साक्षात ईश्वर है। इसीलिए तो भगवान गणेश ने ब्रह्माण्ड की परिक्रमा करने की बजाय अपने माता पिता शिव- पार्वती की परिक्रमा करके प्रथम पूज्य होने का अधिकार हांसिल कर लिया था।

सम्मेलन

अनु. जनजाति वर्ग में शामिल करने केंद्र को भेजेंगे प्रस्ताव

# सीएम शिवराज ने किया कीर समाज कल्याण बोर्ड गठन का ऐलान

**भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री निवास पर शनिवार रात कीर समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस सम्मेलन के दौरान कीर समाज के लिए कई घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि कीर समाज के व्यवसाय परिवर्तन का मामला विचाराधीन है।**



यह वास्तविकता है कि आपका जो व्यवसाय वर्तमान में जो लिखा है, वह नहीं है। कीर समाज कृषि, कृषि-मजदूरी, तेंदूपत्ता संग्रहण, महुआ बीनना आदि कार्य करता है। जाति के सामने आपका वास्तविक व्यवसाय लिखे जाने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज ने यह आश्वासन भी दिया कि पुन~सर्वे करके अनुशंसा के साथ अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजेंगे।

मां पूराबाई की जयंती पर रहेगा एच्छिक अवकाश मुख्यमंत्री शिवराज ने कीर समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में उचित स्थान चयन कर वीरांगना मां पूरी बाई की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 11 दिसम्बर को मां पूरी बाई जयंती को धूमधाम से मनाया जाएगा, इस दिन एच्छिक अवकाश घोषित किया जाएगा। मां पूरी बाई के नाम पर कीर समाज का कल्याण बोर्ड भी बनाया जाएगा।

#### पुराने संबंधों का दिया हवाला

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कीर समाज से मेरा संबंध बचपन से ही रहा है। कीर समाज के लोगों के बीच में खेला कूदा और बड़ा हुआ हूं। कीर समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलूंगा। कीर समाज के कल्याण, उत्थान और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

#### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ दिलाया जाएगा

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई में धन आड़े नहीं आने दिया जाएगा। मेडिकल/इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा की फीस मामा भरवाएगा। हम यह प्रयास भी करेंगे के बच्चे पारम्परिक व्यवसाय के अलावा उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में आगे आएं। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत इच्छुक युवाओं को एक लाख से लेकर 50 लाख तक लोन दिया जाएगा। इसकी गारंटी सरकार लेगी।

#### लाड़ली बहना योजना मेरे दिल की तड़प

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि कीर समाज ने बहन -बेटियों का कभी अनादर नहीं किया। पर्याप्त सम्मान और स्थान दिया है। बेटियां मेरे लिए देवियों के समान हैं। बेटियों और बहनों के बिना कभी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित कई योजनाएं बनाई हैं। अभी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है, जो मेरे दिल की तड़प थी। मैं बहनों को मजबूर नहीं मजबूत देखना चाहता हूं। इस योजना में अभी एक हजार रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर तीन हजार रूपए हो जाएंगे। सम्मेलन में कीर समाज के प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह, संरक्षक केजी कीर और कार्यवाहक अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी और प्रदेश भर से बड़ी संख्या में आए।

# सावन मास में भोपाल-उज्जैन के मध्य 10 फेरे चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल, यशभारत। सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के दरबार में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला बढ़ जाता है। खासकर सावन सोमवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के मंदिर में मत्था टेकने और शाही सवारी के दर्शन करने आसपास के शहरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे ही श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए सावन मास में रेल प्रशासन द्वारा भोपाल से उज्जैन के मध्य स्पेशल ट्रेन के 10-10 फेरे लगवाने का निर्णय लिया है। इससे महाकाल के दर्शन करने आने-जाने वाले तीर्थ यात्रियों को सुविधा और अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने में आसानी होगी।भोपाल से उज्जैन के मध्य यह ट्रेन मार्ग में संत हिरदाराम नगर, सीहोर, शुजालपुर और मक्सी रेलवे स्टेशन पर हाल्ट लेकर गंतव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन 30 जुलाई से 28 अगस्त तक हर रविवार और सोमवार को उज्जैन स्टेशन से 10.10 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए 14.05 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह स्पेशल ट्रेन 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रति रविवार और सोमवार को भोपाल स्टेशन से 2.40 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए 6.35 बजे उज्जैन स्टेशन पहुंचेंगी।

**कहां होगा ठहराव**

इन स्पेशल ट्रेन में छह शयनयान श्रेणी, चार सामान्य श्रेणी, दो एसएलआर एवं डी सहित 12 कोच रहेंगे। रेलवे विभाग ने बताया कि सामान्य कोच की कमी के कारण शयनयान कोच सामान्य कोच के रूप में उपयोग किया जाएगा।उधर, निजामुद्दीन से भोपाल होकर जाने वाली वास्को द गामा ट्रेन 12780 हजरत निजामुद्दीन वास्को द गामा गोव एक्सप्रेस 30 जुलाई से दो अगस्त कर निरस्त रहेगी। यह ट्रेन दक्षिण पश्चिम रेलवे हुबली मंडल के ब्रैगेंजा घाट सेक्शन के कैसल राक कैरनजोल स्टेशनों के बीच भूस्खलन होने के कारण निरस्त की गई है।

# भाजपा ने सिंधी समाज को सबसे ज्यादा धोखा दियाः कमलनाथ

भोपाल(ईएमएस)। सिंधी समाज की सहयोग की भावना अनूठी है। यह समाज अपने भाइ-बंधुओं की मदद करने में आगे रहता है और यही कारण है कि आप सड़क पर कहीं चले जाइए सिंधी समाज का कोई मजदूर आपको नहीं मिलेगा। बीजेपी ने अगर किसी समाज को सबसे ज्यादा धोखा दिया है तो वह सिंधी समाज को दिया है। मैं, 2008 में सिंधी समाज की एक शादी में गया था। मैंने वहां कहा कि अगले साल चुनाव है और आपको कांग्रेस का साथ देना है, तो बहुत से लोगों ने मना कर दिया और कहा कि हम आडवाणी जी के साथ हैं, आज आप सबके सामने हैं कि आडवाणी जी कहां हैं? भाजपा ने आडवाणी जी के अपमान में कोई कमी नहीं छोड़ी। अब मप्र में चार



माह बाद चुनाव हैं और मुझे पता है कि आप सभी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए बदलाव का फैसला ले चुके हैं, क्योंकि मप्र का मतदाता बिकाऊ नहीं है, वह अपना सम्मान करना जान गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने आज राजधानी के संत हिरदाराम नगर में आयोजित मप्र कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधि कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित सिंधी समाज के प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुये कहीं। श्री कमलनाथ ने कहा कि आने वाला चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य का चुनाव है। आपका समाज विद्वान और बुद्धिजीवी समाज है और आपको आज यह तय करना है कि मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखना है। मैं समाज के बड़े बुजुर्गों से कहना चाहता हूं कि आप की दुनिया अलग थी आज के नौजवानों की दुनिया बिल्कुल अलग है।

# मंडीदीप में रेलवे अंडरब्रिज में भरा पानी

## पैदल पटरी पार करने को मजबूर रहवासी

भोपाल, यशभारत। भोपाल से सटी औद्योगिक नगरी मंडीदीप में रेलवे ने नागरिकों की सुविधा के लिए अंडरब्रिज बनाकर वार्ड एक से वार्ड 24 को कनेक्टिविटी दी है, लेकिन रेलवे और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह सुविधा रहवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। इसका कारण अंडरब्रिज से पानी निकासी की व्यवस्था न होना है। जरा-सी बारिश होते ही अंडरब्रिज पानी से लबालब हो जाता है। मानसून की शुरूआत से ही अंडरब्रिज में पानी भरा हुआ है। 20 दिन पहले नगर पालिका अध्यक्ष ने मोटर से पानी खाली कराया। दूसरे दिन वर्षा होने से अंडरपास फिर से



भर गया। अब यह यह रास्ता बंद है। पानी निकलवाने की सुध अब तक रेलवे अधिकारियों ने भी नहीं ली। इस मामले में स्थानीय प्रशासन भी उदासीन है।यह रास्ता बंद होने से सबसे अधिक परेशानी इन्हीं दोनों वार्डों के रहवासियों को उठानी पड़ रही है। यहां दो-ढाई फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे दो पहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों का रास्ता बंद हो गया है। इसके चलते अब उन्हें रेलवे लाइन पार कर जाना पड़ रहा है या फिर लगभग एक किलोमीटर का चक्कर लगाकर ओवरब्रिज से आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को भी रेलवे लाइन पार करना पड़ रहा है, जिससे उनके साथ कभी भी अनहोनी होने का डर बना रहता है।

#### पानी निकासी के प्रबंध नहीं किए

रेलवे ने अंडरपास का निर्माण कराते समय निकासी प्रबंध नहीं किए। वार्ड पार्षद पुष्पा प्रेमशंकर साहू का कहना है कि इस परेशानी को दूर करने के लिए नपा प्रयास कर रही है। रेलवे के पीआरओ सूबेदार सिंह का कहना है कि ब्रिज से पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है।

# मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ

भोपाल यशभारत। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्र. 37 स्थित खुशीपुरा में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत लगे निःशुल्क पंजीयन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा व युवाओं से संवाद भी किया। इसमें मंत्री सारंग ने पात्र हितग्राहियों का स्वयं ऑनलाइन पंजीयन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश के शिक्षित युवा अपने कौशल का विकास कर रोजगार से जुड़ेंगे। मंत्री सारंग ने बताया कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से नरेला विधानसभा अंतर्गत प्रत्येक 17 वार्डों में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना पंजीयन शिविर लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि में 700 से अधिक अलग-अलग काम को चिन्हित किया गया है जिसमें इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, टूरिज्म, ट्रेवल्स, अस्पताल, रेलवे, आईटीआई, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, इत्यादि सभी कार्यों को किसी सरकारी एवं प्राइवेट संस्था द्वारा मध्य प्रदेश के युवाओं को योजना के माध्यम से सिखाया जाएगा। वहीं प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को डायरेक्ट उनके खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा।मंत्री सारंग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओं योजना संचालित की जा रही है।

**चिकित्सा शिक्षा ममंत्री सारंग ने खुद किया**

कन्हैया कुमार के मप्र दौरे पर नरोत्तम का तंज

# नफरत जिनकी पहचान, कांग्रेस उनसे खुलवा रही मोहब्बत की दुकान

भोपाल,यशभारत। प्रदेश के गृहमंत्री और भाजपा नेता डा. नरोत्तम मिश्रा कांग्रेस के नेताओं पर हमला बोलने का कोई मौका नहीं चूकते। कमल नाथ और दिग्विजय सिंह तो अक्सर उनके निशाने पर रहते ही हैं, लेकिन अब उन्होंने हाल ही में एनएसयूआइ के राष्ट्रीय प्रभारी बने कन्हैया कुमार कुमार को भी निशाने पर लिया है, जो इस समय मप्र के दौरे पर हैं। कन्हैया कुमार शनिवार को भोपाल आए थे और इंदौर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के साथ इंदौर में आदिवासी युवा महापंचायत



में शिरकत की।

कन्हैया कुमार के मप्र दौरे को लेकर नरोत्तम ने तंज कसते हुए कहा- आप इससे अंदाज लगा सकते हैं कि इनका (कांग्रेस) च्भारत जोड़ोज कैसा है। जिनकी नफ़रत है पहचान, कांग्रेस उनसे खुलवा रही है मोहब्बत की दुकान। तीनों एक साथ हैं, जो ज़ाकिर नाइक को शांतिदूत कहते थे, लादेन जी कहते थे, वो भी एक ही मंच पर हैं। सिख नरसंहार के खून के छींटे जिनके चेहरे पर हैं, वे भी हैं। भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशाअल्लाह-इंशाअल्लाह बोलने वाले कन्हैया कुमार भी उसी मंच पर हैं। नरोत्तम मिश्रा ने इस तिकड़ी पर तंज कसते हुए कहा कि जॉन-जानी-जनार्दन तीनों है। अब आप इससे अंदाज़ कर लीजिए कि ये किस तरह की कांग्रेस है। एक हमारी पार्टी है।

# गांधी भवन को लेकर विवाद शुरू

भोपाल ईएमएस। महात्मा गांधी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए भोपाल में चार दशक पहले बने गांधी भवन में विवाद शुरू हो गया है। यहां न्यासी मंडल के सदस्य राकेश दीवान और रनसिंह परमार ने सचिव दयाराम नामदेव पर कई गभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि न्यास मंडल में सभी निर्णय कुछ लोगों की मर्जी से लिए लिए जा रहे हैं। सभी सदस्यों की राय नहीं ली जा रही है। इस पर आपत्ति करने पर वे त्याग-पत्र सौंपने के लिए कहते हैं।ताजा मामला 26 जुलाई को हुई 'न्यासी मंडल' बैठक में सचिव के कार्यकाल बढ़ाने से जुड़ा है। दीवान और परमार ने आरोप लगाया है कि इन सचिव ने मनमर्जी से मई 2020 के बाद बार-बार अपना कार्यकाल बढ़ा लिया। उन पर गंभीर आर्थिक अनियमितताओं, आर्थिक अपराध, गैर-कानूनी कामकाज, 'न्यास' के निर्णयों की गंभीर अवहेलना जैसे अनेक आरोप लगे हैं। इसकी पुलिस में भी शिकायत दर्ज है।

# वंदे भारत में आग की जांच रिपोर्ट कमेटी ने रेलवे को सौंपी

भोपाल ,यशभारत। रानी कमलापति से हजरत निजामउद्दीन के लिए जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस में आग के मामले में ऑफिसियल जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जांच में बैटरी बॉक्स में धुंआ उठने और आग लगने का कारण बैटरी में शार्ट सर्किट होना पाया गया।बता दें बीती 17 जुलाई को रानी कमलापति से हजरत निजामउद्दीन के लिए जा रही वंदेभारत ट्रेन में बीना और कुरवाई के बीच आग लग गई थी। घटना की वजह बैटरी में शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा था। इस घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी में सीनियर डिवीजनल सेफ्टी ऑफिसर, सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल ऑपरेशनल मैनेजर, सीनियर डीएससी (कमांडेट) को शामिल किया गया था। जांच कमेटी की जांच में बैटरी बॉक्स में धुंआ उठने और आग लगने का कारण बैटरी में शार्ट सर्किट होना पाया गया। बैटरी वारंटी पीरियड में थी, जिसके चलते मेधा कंपनी ने उसके स्थान पर दूसरी नई बैटरी लगाई गई।

**बैटरी में शॉर्ट सर्किट से हुआ था हादसा**

# आरटीआई में मिला 40 हजार पन्नों का जवाब

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रदेश के इंदौर शहर में एक शख्स ने आरटीआई के तहत जानकारी मांगी तो उसे चालीस हजार पन्नों में जवाब मिला। इतने भारीभरकम दस्तावेजों को ले जाने के लिए उन्हें एसयूवी गाडी की जरुरत पड गई। कोरोना संबंधी जानकारी आरटीआई में मांगने पर एक व्यक्ति को स्वास्थ्य विभाग से 40 हजार पन्नों का जवाब दिया गया। जानकारी से संबंधित दस्तावेज ले जाने के लिए उसे एसयूवी गाड़ी लेकर आना पड़ा। दरअसल, महू निवासी धर्मेंद्र शुक्ला ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास आरटीआई याचिका दायर कर कोविड-19 महामारी अवधि के दौरान दवाओं, उपकरणों और संबंधित सामग्रियों की खरीद से संबंधित निविदाओं और बिलों के भुगतान का विवरण मांगा था। इसे लेने के लिए वे शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में पहुंचे। यहां जब वह अपनी गाड़ी में दस्तावेज लेकर जा रहे थे, तो उन्हें हर कोई देखता ही रह गया। गाड़ी में ड्राइवर सीट के अलावा और कोई सीट खाली नहीं थी। खास बात है कि उन्हें इसके लिए भुगतान भी नहीं करना पड़ा, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ने उनकी याचिका का एक महीने के भीतर जवाब नहीं दिया था। इस पर शुक्ला ने अपील की। इसके बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी डा. शरद गुप्ता ने याचिका स्वीकार कर निर्देश दिया कि उन्हें जानकारी मुफ्त में दी जाए। धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि 40 हजार से अधिक पन्ने की जानकारी मिली है। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोनाकाल में जो खरीददारी की गई है।

**दस्तावेजों को एसयूवी गाड़ी में भरकर ले जाना पडा**



# पूर्वी मध्य प्रदेश में रुक-रुककर वर्षा

भोपाल यशभारत। ओडिशा और उससे लगे पश्चिमी बंगाल पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून द्रोणिका राजस्थान, उत्तर प्रदेश से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इन मौसम प्रणालियों के असर से मिल रही नमी के कारण पूर्वी मध्य प्रदेश में रुक-रुककर वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक रविवार, सोमवार को रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना है। भोपाल में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। अगस्त माह की शुरुआत में मौसम साफ होने के भी आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उत्तरी ओडिशा और उससे लगे पश्चिम बंगाल पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मानसून ट्रफ श्रीगंगानगर, रोहतक, लखनऊ, गया, रांची से कम दबाव के क्षेत्र से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। पंजाब एवं उससे लगे पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान और उसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि उत्तरी ओडिशा के आसपास बने कम दबाव के क्षेत्र एवं मानसून द्रोणिका के असर से मिल रही नमी के कारण पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा हो रही है। इन क्षेत्रों में रुक-रुककर बौछारें पड़ने का सिलसिला रविवार के अलावा सोमवार को भी बना रह सकता है। मानसून द्रोणिका अब सामान्य स्थिति से ऊपर की तरफ खिसकने लगी है। साथ ही बंगाल की खाड़ी में फिलहाल कोई मानसून प्रणाली के बनने के संकेत भी नहीं हैं।

**अगस्त की शुरुआत में साफ हो सकता है**

कार्रवाई

खाद्य विभाग कार्यालय में शराबखोरी मामला...

# एक कर्मचारी पर कार्रवाई, रात में महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाने वाले को बख्शा

**भोपाल , यशभारत।** ईदगाह हिल्स स्थित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के मुख्यालय में शराबखोरी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित होने के बाद अब जिम्मेदारों पर हुई कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि यहां रात की पाली में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जबकि पुरुष वहीं शराब भी पी रहे थे। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ एक कर्मचारी को निलंबित कर कर्तव्य की इतिश्री कर ली गई है। जबकि महिलाओं की रात में ड्यूटी लगाने वाले जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर, विभाग की संयुक्त नियंत्रक माया अवस्थी ने प्रयोगशाला प्रभारी संदीप विक्टर से जवाब तलब किया है। उन्होंने पूछा है कि शाम छह बजे के बाद महिला कर्मचारियों की ड्यूटी किसके आदेश से लगाई गई है। हालांकि वह इसका जवाब नहीं दे सके हैं।



कार्यप्रणाली पर उठते रहे हैं सवाल

जानकारी के अनुसार प्रयोगशाला प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व में संयुक्त नियंत्रक अभिषेक दुबे ने संदीप विक्टर की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई थी। साथ ही उन्हें समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए थे। जब तक वह रहे, तब तक सब ठीक रहा, उनके जाते ही माहौल ज्यों का त्यों हो गया। कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया है कि प्रभारी कभी भी समय पर नहीं आते हैं। उनका कार्यालय एक बजे के बाद ही खुलता है। यही कारण है कि न तो खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच समय पर होती हैं और न ही जिलों को रिपोर्ट समय पर जारी हो पाती है।

#### यह है मामला

28 जुलाई को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें खाद्य एवं औषधि विभाग मुख्यालय में तकनीकी सहायक लखन मदनेकर अपने साथियों के साथ शराब पार्टी कर रहे थे। जिस समय शराब पार्टी चल रही थी, उस समय महिला कर्मचारी लैब में नमूनों की जांच कर रही थी। अमूमन लैब में काम करने वाली महिला कर्मचारियों को शाम छह बजे के बाद नहीं रोका जाता है, लेकिन प्रयोगशाला प्रभारी अधिकारी संदीप विक्टर ने इन्हें जांच पूरा करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान एक भी जिम्मेदार अधिकारी प्रयोगशाला में मौजूद नहीं था।

# कुढ़िया धाम रोहनिया और कटाएघाट को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित

**जिला प्रशासन की विशेष पहल पर तैयार हुई कार्ययोजना, जिले में पर्यटन को प्रोत्साहित और विकसित करने पहल**



**कटनी, यशभारत।** जिले में पर्यटन के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाओं के मद्देनजर इन्हें प्रोत्साहित और विकसित करने कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा विशेष पहल की जा रही है। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्य किया जा रहा है।

### 99.54 लाख की लागत से होगा कुढिया धाम रोहनिया का कायाकल्प

कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रोहनिया में स्थित कुढिया धाम आश्रम को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल को पत्र भी लिखा गया है। साथ ही गत माह हुई जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में इस विषय पर विचार विमर्श कर कुढिया धाम रोहनिया के सौंदर्यीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक विभागीय स्वीकृति प्राप्त कर पहल करने निर्देशित भी किया गया था। उल्लेखनीय है कि ग्राम रोहनिया अंतर्गत कुढिया धाम में प्राचीन प्राकृतिक कुंड, प्राचीन गुफाएं और झरने जैसे कई दार्शनिक स्थल हैं। साथ ही इस स्थल के प्रति क्षेत्रवासियों में खासी रुचि और आस्था है। इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव भी पारित है। इस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण कर इसे जिले के एक अच्छे दार्शनिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जिला प्रशासन प्रयासरत है। इन्हीं प्रयासों के तहत कुढिया धाम रोहनिया की 0.75 हेक्टयर शासकीय जमीन में 99.54 की लागत से घाट एवम् सीढ़ी निर्माण, दिवस बसेरा, कंपाउंड वॉल, चौनलिंग फेंसिंग, गाजिबो सहित अन्य निर्माण कार्य किए जायेंगे।

### मकर संक्रांति पर लगता है यहां मेला

काबिलेगौर है कि दतला नदी के किनारे स्थित कुढिया धाम प्राकृतिक स्थल में मकर संक्रांति के अवसर पर एक माह तक मेले का आयोजन किया जाता है। यहां पर पिंडदान, मुंडन, तर्पण, स्नान आदि के लिए स्थानीय और आसपास के क्षेत्र के लोगों का तांता लगा रहता है।

### 294.86 लाख की लागत से कटायेघाट को विकसित करने कार्ययोजना तैयार

ग्राम रोहनिया के कुठियाधाम की तरह ही कटनी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित शहर के मुख्य रमणीक और प्राकृतिक स्थल कटाएघाट को भी बेहतर पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पहल करते हुए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में चर्चा कर कार्ययोजना तैयार करने कहा गया था। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गौंटिया के निर्देशों के परिपालन में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम जबलपुर के कार्यपालन यंत्री द्वारा कटनी के कटाएघाट के विकास की विस्तृत कार्ययोजना राशि 294.86 लाख की तैयार की गई है। उक्त राशि से कटाएघाट के प्रवेश द्वार, कथा मंडप, टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, चौनलिंक, फेंसिंग, स्ट्रीट फर्नीचर, लैंड स्केपिंग, प्रकाश और विद्युत व्यवस्था आदि विकास कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिसकी पर्यटन विभाग से स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही जारी है।

### शहर का एकमात्र रमणीक स्थल है कटाएघाट

उल्लेखनीय है कि शहर की सीमा के अंतर्गत स्थित कटाएघाट शहर का एक मात्र प्राकृतिक रमणीक स्थल है। कटनी नदी के किनारे स्थित इस प्राकृतिक पर्यटन स्थल में भगवान बजरंगबली का गुफा के अंदर बना मंदिर, भगवान बांके बिहारी का मंदिर और नगर निगम का सुरम्य उद्यान है। यहां पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन भी विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दीपदान, छठ पूजा जैसे धार्मिक आयोजन भी प्रतिवर्ष होते हैं।

## पात्र 50 प्रशिक्षणार्थियों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभाशाली किंतु आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं से राज्य सेवा परीक्षा-2022 की मुख्य परीक्षा के पूर्व प्रशिक्षण के लिये आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। प्रशिक्षण अवधि 2 माह 15 दिवस की होगी। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण 21 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण सत्र में 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। भोपाल से बाहर के पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन के बाद प्रशिक्षण अवधि के लिये निःशुल्क छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। पात्रता प्रमुख शर्तों में मध्यप्रदेश का मूल निवासी और राज्य शासन द्वारा घोषित पिछड़ा वर्ग अथवा अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण संबंधी विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पिछड़ा वर्ग राज्य स्तरीय रोजगार एवं प्रशिक्षण केन्द्र पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल में स्थित है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक 2 को

**कटनी, यशभारत।** मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित कर निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा। इसके लिए 2 अगस्त को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव और प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है।

## हरदी, तिघरा, नवालिया और पिपरिया में पेयजल संकट की कलेक्टर ने कराई जांच

### समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराए जाने पीएचई विभाग को किया निर्देशित

**कटनी, यशभारत।** विकासखंड ढीमरखेड़ा के चार गांवों में पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या की शिकायतें सामने आने के बाद कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए इसकी विस्तृत जांच कराते हुए निराकरण की कार्यवाही कराई जा रही है। जिससे उक्त गांवों के निवासियों में प्रशासन के कामकाज और शासन की जनता के प्रति जवाबदेही को लेकर गंभीरता पर विश्वास मजबूत हुआ है। ढीमरखेड़ा विकासखंड के चार ग्रामों हरदी, तिघरा, नवालिया और पिपरिया में पेयजल समस्या के संबंध में मिली शिकायतों की जांच के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी को निर्देशित किया गया था। निर्देश के परिपालन में की गई जांच में पाया गया कि ग्राम हरदी में नलजल योजना का कार्य अपूर्ण है तथा गड्ढा खुदा हुआ है। निर्माण कार्य के अनुबंधित संविदाकार को ब्लैकलिस्टेड किया जा चुका है साथ ही उसकी मृत्यु भी हो चुकी है। वहीं ग्राम तिघरा में आंगनवाड़ी केंद्र के पीछे स्टैंड पर पानी टंकियां रखी हुई है, जिनके माध्यम से ग्राम तिघरा में पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन प्रेशर पर्याप्त नहीं होने से गांव के मढिया टोला में पेयजल की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही। ग्राम नवलिया ग्राम पंचायत सैलारपुर में दो पानी की टंकियां स्थापित हैं किंतु सप्लाई के ब्लॉकेज होने के कारण सभी स्थानों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्राम पिपरिया ग्राम पंचायत सैलारपुर में ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से पानी की टंकी को भरा नहीं जा पा रहा है।

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए निर्देश

उक्त कार्य के बेहतर संपादन कर समस्याओं के निराकरण के लिए निर्माण एजेंसी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा निर्देशित किया गया है। साथ ही अतिशीघ्र निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

## सर्पदंश से बालक की मौत पर 4 लाख की आर्थिक सहायता

कटनी, यशभारत। सर्पदंश से हुई एक बालक की मौत के प्रकरण में कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद के निर्देश पर मृतक के परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। तत्सम्बंध में 27 जून की सुबह ग्राम सुड्डी तहसील बड़वारा में अपने नानी के घर एक विवाह समारोह में शामिल होने अपनी मां संगीता पति सोनू विश्वकर्मा के साथ आए एक बालक शिवांशु पिता सोनू विश्वकर्मा निवासी ग्राम बिचुआ तहसील कटनी की घर में खेलने के दौरान सर्प दंश से मौत हो गई थी। उक्त प्रकरण के कलेक्टर श्री प्रसाद के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत करने तहसीलदार बडवारा को निर्देशित किया था। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा विधिवत न्यायालय के राजस्व प्रकरण प्रतिवेदन को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को प्रेषित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी के आदेश पर विपत्तिग्रस्त परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार, मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कटनी जिले में शिशिर गेमावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह नोडल अधिकारी स्वीप के मार्ग दर्शन में सहायक नोडल अधिकारी स्वीप के.के. डेहरिया एवं डॉ. एस.के.खरे प्राचार्य तिलक कॉलेज के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधियों के दौरान शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में शुक्रवार को लोक गीत एवं लोक नृत्य नाटिका गतिविधि द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया एवं शासकीय महिला महाविद्यालय में श्रीमति संध्या तिवारी एवं स्वीप प्रभारी श्री फैज़ मोहम्मद, संदीप पुरवार के द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय से डॉ आर के गुप्ता प्राचार्य श्रीमती रीना मित्रा. एम खरादी, प्रो भारद्वाज एवं महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित में बहुत ही उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में शपथ लेते हुये मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की व लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने हेतु प्रतिबद्ध किया गया।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत अवकाश के दिन नहीं होगा पंजीयन कार्य



**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 चरण-2 के अंतर्गत कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले अंतर्गत नगरीय निकायों के 90 वार्डों एवं समस्त जनपद पंचायतों के 407 ग्राम पंचायतों में कैम्पों का आयोजन किया जाकर महिला हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने यह जानकारी देते हुये बताया कि राज्य शासन के संचालनालय महिला एवं बाल विकास द्वारा जारी निर्देशानुसार रविवार को अवकाश होने के कारण मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत पंजीयन का कार्य नहीं किया जायेगा।

## निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षित पुनरीक्षण का प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त को

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील

**कटनी, यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के पूर्व निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 02 अगस्त 2023 को जिले की विधानसभा क्षेत्रांतर्गत मतदान केन्द्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में किया जाना है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक 02 अगस्त को आयोजित कर उन्हें फोटो सहित निर्वाचक नामावली की एक हार्ड प्रति एवं फोटो रहित निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट प्रति सी.डी./डी.व्ही.डी. में जिला निर्वाचन कार्यालय सामान्य निर्वाचन कटनी में उपलब्ध करायी जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें बताया कि आयोग के निर्देशों के परिपालन में 2 अगस्त को समय सायं 4:30 बजे स्थान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। आपनें जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों व सचिव से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## एक जिला एक उत्पाद कटनी स्टोन में लघु अवधि पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में हुई बैठक



**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महात्वाकांक्षी योजना आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजनांतर्गत शुक्रवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में एक जिला एक उत्पाद योजनान्तर्गत कटनी जिले के लिए चयनित प्रमुख उत्पाद कटनी स्टोन उत्पाद अंतर्गत माइनिंग मेट क्यू पी का सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिती से चयन किया गया। बैठक के दौरान प्राचार्य आईटीआई कटनी ने कटनी स्टोन से संबंधित क्यू पी के संबंध में विस्तार से सभी माइनिंग सदस्यों को जानकारी प्रदान की। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जानकारी समय- सीमा में संचालनालय कौशल विकास मध्यप्रदेश भोपाल का भेजे जाने के निर्देश दिए गए ताकि प्रशिक्षण समय से प्रारंभ हो सके। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को माइनिंग से संबंधित अधिक से अधिक रोजगार अवसर प्राप्त हो सके। बैठक में महाप्रबंधक डीआईसी श्रीमती ज्योति चौहान, संतोष सिंह खनिज अधिकारी एवं माइनिंग इंसपेक्टर कटनी, आईटीआई से अनिल कुमार तिवारी, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र से वेदप्रकाश परोहा एवं कटनी मार्बल के सभी सदस्य बैठक में उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत बुलाए जाएंगे आवेदन

**कटनी, यशभारत।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जिले में कृषि, उद्यानिकी फसलों तथा डेयरी संबंधित उत्पादों की प्रसंस्करण यूनिट लगाने एवं पहले से स्थापित क्रियाशील इकाईयों के उन्नयन हेतु ऑनलाईन निःशुल्क आवेदन वेबसाइड पर आमंत्रित किये गये हैं। परियोजना अधिकारी उद्यान एस.के. त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत बैंक से लोन लेने पर योजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 10 लाख तक क्रेडिट लिंक सब्सिडी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि अचार, मुरब्बा, अमचूर, आंवला कैंडी, सुपारी, टमाटर केचप, स्वास, आलू चिप्स, मसाला पावडर, पोहा, नमकीन, बेसन, मैदा, आटा, बेकरी उत्पाद, नूडल्स, चावल मिल, दाल मिल, खोवा, पनीर, घी, आइल मिल, पशु आहार, आदि की खाद्य प्रसंस्करण यूनिट लगाई जा सकती है। आवेदन हेतु जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा हैण्ड होल्डिंग सहायता प्रदान की जाती है, जिन्हें आवश्यक दस्तावेज प्रदाय कर आवेदन (डीपीआर) तैयार करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना अधिकारी उद्यान कलेक्ट्रेट भवन कटनी से या 7869890774, 9407884477 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## मतदाताओं को वोट डालने छात्राओं ने किया प्रेरित

**कटनी, यशभारत।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. एस.के. खरे की अध्यक्षता में लोकगीत एवं लोकनत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कु. संचिता तिवारी एवं कु. कनक सोनी ने 'मतदान करो मतदान करो' जो फर्ज है गीत गाकर नवीन मतदाताओं को वोट डालने हेतु प्रेरित किया, इसी क्रम में प्रतीक्षा कोरी ने गीत गया 'चलो मइया वोट देहो चले, अपनी सरकार बनइयौ मइया'। कु. प्रतीक्षा कोरी मुस्कान सोंधिया ने लोकनृत्य के माध्यम से वोट डालने हेतु अपना संदेष दिया। कु. मुस्कान सोंधिया, तुषा मेहरा, कु. संचिता तिवारी, मानसी यादव, विक्रम, रोहित चक्रवर्ती ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वोट डालने हेतु जनसामान्य को प्रेरित किया। डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष, श्रीमती लक्ष्मी नायक, डॉ. नाहीद् सिद्दीकी, डॉ. प्रतिमा तिपाठी, श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, अतुल कुमार आदि ने पूर्ण सहयोग किया। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## मूंग एवं उड़द के उपार्जन की अंतिम तिथि अब 7 अगस्त

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कृषक हित में परिस्थितियों को देखते हुए विपणन वर्ष 2023-24 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढाकर 7 अगस्त 2023 तथा स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई नियत की गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने शासन निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थांए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष 2023-24 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जन की तिथि बढ़ाने एवं स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा अनुरोध किया गया था। उक्त क्रम में शासन द्वारा कृषक हित में परिस्थितियों को देखते हुए उपार्जन नीति में उपार्जन हेतु अंतिम तिथि 7 अगस्त तथा स्लॉट बुकिंग की अंतिम अवधि 31 जुलाई तक नियत की गई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उपसंचालक ने ऐसे कृषक बंधु जिन्होने अपनी उपज उपार्जन हेतु अभी तक स्लॉट बुक नहीं किये है उनसे 31 जुलाई तक स्लॉट की बुकिंग कराने का आग्रह किया है।



## जिले में अब तक 384.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

### गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष हुई 91.4 मिलीमीटर अधिक बारिश

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 384.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 293.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 91.4 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू.अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 319.0 मिलीमीटर रीठी में 467.0 मिली मीटर बड़वारा में 333.0 मिलीमीटर बरही में 299.0 मिलीमीटर विजयराघवगढ़ में 241.2 मिलीमीटर बहोरीबंद में 295.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 641.3 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 479.0 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक में नई नियुक्तियों को हरी झंडी



**कटनी, यशभारत।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी की जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा-कक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आहूत की गई।

आयोजित बैठक के दौरान उद्योगपति सुधीर कुमार मिश्रा, सुमेन्दु शाह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एच. एस. ठाकुर, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ. आर. के. गुप्ता, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय डा. नरेन्द्र वरखेड़कर, व्याख्याता शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय श्री अनुराग हर्ष, शशांक जैन, अभिवावक मिथिलेश हल्दकार, श्रीमती शकुंतला कोरी, श्रीमती सविता सक्सेना, दौलत प्रसाद तंतुवाय, पूर्व छात्र अमित चौधरी, की मौजूदगी रही। बैठक में सर्वप्रथम विगत वर्ष की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। संस्था के अतिथि व्याख्याता की चयन सूची का अनुमोदन, संस्था की सुरक्षा हेतु आउटसोर्स के माध्यम से वाचमेन आमंत्रित करने की अनुमति, संस्था में कुशल श्रमिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को आउटसोर्स के माध्यम से नियमानुसार आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान करी गई। बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य उद्योगपति एवं कलेक्टर अवि प्रसाद ने मूल्यवान सुझाव दिये एवं मार्गदर्शन किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्ट अवि प्रसाद सहित उपस्थित सभी सम्माननीय सदस्यों को प्राचार्य द्वारा ''विज़डम ब्रिज'' पुस्तक भेट की गई।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवी में प्रवेश हेतु लिए जाएंगे आनलाइन आवेदन

**कटनी, यशभारत। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा जिला कटनी में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के लिए आवेदन पत्र केवल आनलाईन भरे जा सकते। है।**

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि जो छात्र-छात्रा सत्र 2023-24 में कटनी जिले में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत है एवं उनके माता-पिता जिला कटनी जले के ही मूल निवासी हो वे अपने गाँव के निकटतम कम्प्यूटर सेंटर जाकर निर्धारित प्रारूप में आनलाईन फार्म भर सकते है। आनलाइन फार्म भरने के लिए लिंक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट ूण्दंअवकंलंण्हवअण्पद पर उपलब्ध है। आनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 है एवं परीक्षा की तिथि 20 जनवरी 2024 है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी को कटनी जिले में ही कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत होना चाहिए। अभ्यर्थी के माता-पिता को कटनी जिले का ही मूल निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी का वर्ग सामान्य, अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति का होना चाहिए। अभ्यर्थी के कक्षा तीसरी चौथी एवं पांचवी की अवस्थिति में ग्रामीण अथवा शहरी क्षेत्र का होना चाहिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2012 से 31 जुलाई 2014 के बीच होना चाहिए ऐसे अभ्यर्थी उपयुक्त लिंक से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 की विवरणिका को डाउनलोड कर अध्ययन कर करनें का आग्रह किया है।

## कोहली-रोहित के नहीं खेलने पर द्रविड़ ने दी सफाई

# जिम्मेदारी पर खरे नहीं उतरे हार्दिक पंड्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को वेस्टइंडीज में छह साल बाद वनडे मैच में हार मिली है। उसे मेजबान टीम ने बारबाडोस में खेले गए दूसरे वनडे में छह विकेट से हराया। शनिवार (29 जुलाई) को मिली जीत के बाद विंडीज ने सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया है। अब तीसरा और निर्णायक मुकाबला एक अगस्त को त्रिनिदाद में खेला जाएगा। दूसरे वनडे में अत्यधिक प्रयोगों को टीम इंडिया की हार का कारण माना जा रहा है। इन प्रयोगों कि आलोचना हो रही है, लेकिन कोच राहुल द्रविड़ और कार्यवाहक कप्तान हार्दिक ने इसका बचाव किया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली को इस मैच में आराम दिया गया। पिछले वनडे में पांच विकेट गिरने के बावजूद कोहली को बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजा गया था। दूसरी ओर, कप्तान रोहित सातवें क्रम पर उतरे थे। इस मुकाबले में तो दोनों को ही आराम दे दिया गया। उपकप्तान हार्दिक ने टीम की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन जीत नहीं दिला सके। उन्होंने मैच के बाद कहा, आज मैच के लिए विकेट अच्छा था, लेकिन पहले मुकाबले जैसा नहीं था। हमारे बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले और विकेट गंवाए। शार्दुल ठाकुर ने बेहतरीन गेंदबाजी कर हमें मैच में बनाए रखा।





### हार्दिक पांड्या ने क्या-क्या कहा?

हार्दिक ने कहा, %%हार से निराशा हुई है, लेकिन बहुत कुछ सीखने को मिला है। जिस तरह ओपनर्स ने बल्लेबाजी की है, वह भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण है। ईशान किशन ने अच्छी पारी खेली।%% आईपीएल में गुजरात टाइटंस को लगातार दो सीजन में फाइनल तक पहुंचाने वाले हार्दिक ने आगामी वनडे विश्व कप को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने गुजरात को 2022 में चैंपियन भी बनाया था और उन्हें सीमित ओवरों में भारत का अगले कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है।

हार्दिक ने वनडे विश्व कप की तैयारियों को लेकर कहा, मैं फिलहाल वनडे विश्व कप की तैयारी कर रहा है। इसी कारण ज्यादा से ज्यादा ओवर डाल रहा हूं। मैं धीरे-धीरे गेंदबाजी के लिए पूरी तरह फिट होने की ओर बढ़ रहा हूं। मैं इस समय कछुआ हूं, न कि खरगोश। सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। अब अंतिम मैच निर्णायक होगा। अगला मैच दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा। कोहली-रोहित को आराम देना एशिया कप की तैयारियों का हिस्सा

इस मैच में रोहित और कोहली को एक साथ आराम देने के फैसले की चर्चा सबसे ज्यादा हुई। राहुल द्रविड़ ने एशिया कप की तैयारियों का एक हिस्सा बताया। वेस्टइंडीज दौरे के बाद टीम इंडिया को आयरलैंड में तीन टी20 मैच खेलने हैं। उसके बाद 30 अगस्त से एशिया कप शुरू हो जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में टीम चयन को लेकर द्रविड़ ने सफाई दी। इसका वीडियो बीसीसीआई ने एक्स (ट्विटर) पर शेयर किया। द्रविड़ ने कहा, %%अभी हमारे कुछ खिलाड़ी चोट से उबर रहे हैं। उनके खेलने को लेकर कुछ भी तय नहीं है। ऐसे में हमें हर परिस्थितियों के लिए खुद

# स्मिथ को नॉटआउट देकर इंग्लैंड में छा गए इंदौर के अंपायर नितिन मेनन, अश्विन ने की तारीफ

**सिडनी, एजेंसी।** मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 295 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलियाई पारी सिमटते ही अंपायर ने दूसरे दिन का खेल खत्म करने का भी एलान कर दिया। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 283 रन बनाए थे।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला ओवल में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन स्टीव स्मिथ के रनआउट के फैसले को लेकर काफी विवाद हुआ। इस दौरान इंदौर के अंपायर नितिन मेनन इंग्लैंड की टीम और फैंस के निशाने पर थे। उनके एक निर्णय ने दुनिया भर के क्रिकेट एक्सपर्ट और प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया। नितिन के फैसले की तारीफ भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी की।





### क्या है मामला

शुक्रवार (28 जुलाई) को मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी करते रहे थे। स्मिथ ने 78वें ओवर में क्रिस वोक्स की तीसरी गेंद को मिड-विकेट की ओर खेला। वह दो रन लेने के लिए भागे। सब्सीट्यूट फील्डर जॉर्ज इलहम ने गेंद को पकड़ा और विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो की ओर फेंक दिया। बेयरस्टो ने गेंद को पकड़कर गिल्लियां बिखेड़ दीं। पहली नजर में तो ऐसा लगा कि स्मिथ का बल्ला क्रीज तक नहीं पहुंच पाया और वह रनआउट हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ जश्न मनाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर भारत के नितिन मेनन ने स्मिथ को नॉटआउट करार दिया। मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले नितिन मेनन ने कई बार रीप्ले देखा। उन्होंने यह पाया कि जब स्टंप के ऊपर से बेल्स को बेयरस्टो ने हटाया तब तक स्मिथ का बल्ला क्रीज में पहुंच चुका था। यह अंतर काफी कम था। पहली नजर में किसी के लिए भी ऐसा फैसला करना मुश्किल था। नितिन ने जैसे ही स्मिथ को नॉटआउट दिया, स्टेडियम में बैठे इंग्लिश फैंस उनकी हूटिंग करने लगे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के फैंस जश्न मनाने लगे। क्रिकेट के नियमों की देखरेख करने वाली संस्था मेरिलोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने इसे लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। एमसीसी ने बताया कि नियम 29.1 के अनुसार, %%विकेट को गिरा तब माना जाता है जब कम से कम विकेट के ऊपर से एक बेल्स पूरी तरह अलग हो जाए या एक या उससे अधिक स्टंप जमीन से हटाया जाए।

**अश्विन और आकाश चोपड़ा ने की नितिन मेनन की तारीफ**-नितिन मेनन के इस फैसले पर पूरे दिन चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर क्रिकेट एक्सपर्ट ने अपने विचार रखे। अश्विन ने ट्वीट में लिखा, %%नितिन मेनन के सही निर्णय की सराहना करनी होगी।%% भारत के पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा ने भी नितिन मेनन की तारीफ की। उन्होंने लिखा, %%शाबास नितिन मेनन। एक अच्छा निर्णय। एक मुश्किल निर्णय। मैच के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 295 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलियाई पारी सिमटते ही अंपायर ने दूसरे दिन का खेल खत्म करने का

# केरल की पहली महिला खिलाड़ी मिन्नू मणि के संघर्ष की कहानी, ऐसे मिली टीम में जगह

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** महिला खिलाड़ियों की टीम में एक नाम मिन्नू मणि का है। मिन्नू मणि केरल की पहली महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जिन्हें टीम में शामिल होने का मौका मिला है। आइए जानते हैं केरल की पहली महिला खिलाड़ी मिन्नू मणि के बारे में। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की तरह ही महिला क्रिकेट टीम भी दमदार खिलाड़ियों और शानदार प्रदर्शन के जरिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष आदि नाम शामिल है। महिला खिलाड़ियों की टीम में एक नाम मिन्नू मणि का है। मिन्नू मणि केरल की पहली महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जिन्हें टीम में शामिल होने का मौका मिला है। आइए जानते हैं केरल की पहली महिला खिलाड़ी मिन्नू मणि के बारे में।

### मिन्नू मणि का जीवन परिचय

मिन्नू एक ऑलराउंडर हैं, जो बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने के साथ ही ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करती हैं। मिन्नू मणि 24 साल की हैं और कुरचिया जनजाति से ताल्लुक रखती हैं। मिन्नू मणि के पिता का नाम मणि सीके है, जो पेशे से मजदूर और मां गृहणी है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। माता-पिता मिन्नू के क्रिकेट खेलने को पसंद नहीं करते थे लेकिन मिन्नू घरवालों से झूठ बोलकर क्रिकेट खेला करती थीं। क्रिकेट ट्रेनिंग के लिए 42 किलोमीटर दूर चार बस बदलकर जाती थीं। वह 10 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेल रही हैं। जब वह 8वीं कक्षा में थीं, तब से ही उन्होंने क्रिकेट को गंभीरता से लेते हुए करियर बनाने का निर्णय लिया।

# कपिल देव ने सुनील गावस्कर का नाम लेकर टीम इंडिया को लताड़ा



**चंडीगढ़, ईएमएस।** कपिल देव का मानना है कि कभी-कभी ज्यादा पैसे होने से घमंड भी आ जाता है। कपिल देव को लगता है कि मौजूदा दौर के खिलाड़ी पैसों के घमंड में पूर्व खिलाड़ियों से सलाह लेने नहीं जाते हैं और बार-बार एक ही गलती को दोहराते हैं। भारतीय क्रिकेट में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव देखा गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी वित्तीय ताकत से दुनिया के सबसे महंगे क्रिकेट टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग को बड़ा बनाया। खिलाड़ी भी अमीर हो गये हैं। ज्यादा भुगतान वाले केंद्रीय अनुबंधों से लेकर आकर्षक आईपीएल सौदों से लेकर बड़े ब्रांड के विज्ञापन तक, एक भारतीय क्रिकेटर के लिए आय के रास्ते कई हैं। हालांकि, इतनी दौलत के बावजूद भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को लगता है कि खेल में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। कपिल देव ने एक इंटरव्यू में भारतीय खिलाड़ियों को लताड़ा है। उनका मानना है कि कभी-कभी ज्यादा पैसे होने से घमंड भी आ जाता है। कपिल देव को लगता है कि मौजूदा दौर के खिलाड़ी पैसों के घमंड में पूर्व खिलाड़ियों से सलाह लेने नहीं जाते हैं और बार-बार एक ही गलती को दोहराते हैं। उन्होंने कहा, इन खिलाड़ियों के बारे में अच्छी बात यह है कि वे बहुत आश्वस्त हैं। नकारात्मक बात यह है कि वे सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। मुझे नहीं पता कि इसे इससे बेहतर कैसे रखा जाए, लेकिन वे आश्वस्त हैं।

गावस्कर से बात क्यों नहीं करते-कपिल देव

कपिल देव ने कहा, आपको किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। हमारा मानना है कि एक अनुभवी व्यक्ति आपकी मदद कर सकता है। कभी-कभी बहुत अधिक पैसा आता है तो अहंकार आता है। इन क्रिकेटरों को लगता है कि वे सब कुछ जानते हैं। यही अंतर है। मैं कहूंगा कि बहुत सारे क्रिकेटर हैं जिन्हें मदद की जरूरत है। जब सुनील गावस्कर हैं, तो आप उनसे बात क्यों नहीं कर सकते? अहंकार कहा है? ऐसा कोई अहंकार नहीं है। उन्हें लगता है कि हम काफी अच्छे हैं।

सुनील गावस्कर ने क्या कहा था?

भारतीय क्रिकेट में सबसे सम्मानित नामों में से एक पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने हाल ही में कहा था कि वर्तमान भारतीय क्रिकेटर शायद ही कभी उनके पास सलाह के लिए आते हैं। गावस्कर ने एक इंटरव्यू में हाल ही में कहा था, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण नियमित रूप से मेरे पास आते थे।

## रंग संसार

# मिर्जापुर 3 का इंतजार कर रहे फैंस के लिए खुशखबरी, सीरीज के बाद मेकर्स करने जा रहे फिल्म का निर्माण

**मुंबई, ईएमएस।** ओटीटी स्पेस की सफल वेब सीरीज मिर्जापुर के तीसरे पार्ट मिर्जापुर 3 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब मेकर्स मिर्जापुर पर फीचर फिल्म बनाने की योजना कर रहे हैं।

ओटीटी स्पेस की सबसे सफल और चर्चित वेब सीरीज में से एक मिर्जापुर के तीसरे सीजन को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। पंकज त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, दिव्येंदु शर्मा, कुलभूषण खरबंदा और अली फजल स्टारर इस क्राइम ड्रामा को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट सामने आ रहा है। वहीं, अब इसे लेकर एक बड़ी जानकारी आई है। प्राइम वीडियो के इस शो को निर्माता नया ट्विस्ट देने की योजना बना रहे हैं।



**मिर्जापुर पर बनेगी फीचर फिल्म!**

नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, निर्माता प्राइम वीडियो शो पर आधारित एक फीचर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मिर्जापुर की दुनिया ने दर्शकों को आकर्षित किया है। सीरीज के तीसरे सीजन पर काम जारी है। वहीं, निर्माताओं ने इस दौरान इस पर एक फिल्म बनाने का काम शुरू किया है, और वे एक ऐसा विचार विकसित कर रहे हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन करेगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा, तो वे लॉजिस्टिक्स में लग जाएंगे। हालांकि, यह निश्चित है कि वे मिर्जापुर को एक फिल्म के रूप में भी प्रस्तुत करना चाहते हैं।

मिर्जापुर फिल्म की क्या होगी कहानी?

मिर्जापुर के पहले सीजन में विक्रांत मैसी और श्रिया पिलगांवकर भी लीड रोल में थे, जिसका प्रीमियर नवंबर 2018 में हुआ। दूसरा सीजन अक्टूबर 2020 में विजय वर्मा (डबल रोल में), ईशा तलवार, अंजुम शर्मा और प्रियांशु के साथ आया। इन दोनों ही सीजन को दर्शकों के जरिए खूब सराहा गया। सीरीज की तीसरी किस्त को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। इसी बीच इस पर फिल्म तैयार किए जाने की खबर ने फैंस के उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। फिल्म की कहानी, पूर्वांचल के मिर्जापुर और यहां के गुंडाराज पर आधारित होगी।

**मिर्जापुर 3 की रिलीज डेट का जल्द होगा एलान**


क्राइम ड्रामा मिर्जापुर फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। सीरीज के तीसरे पार्ट मिर्जापुर 3 में अली फजल, पंकज त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा, ईशा तलवार जैसे सितारों के नजर आने की आशंका है। वहीं, इसे लेकर रिपोर्ट है कि तीसरे पार्ट की स्ट्रीमिंग डेट का एलान कभी भी किया।

# शादी के 18 साल बाद पत्नी नताशा से रिश्ता तोड़ने जा रहे हैं फरदीन खान, लेने जा रहे हैं तलाक!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड से सितारों की तलाक की खबरें आना आम बात हो चली है और इस लिस्ट में अब अभिनेता फरदीन खान का नाम भी जुड़ गया है।

फरदीन खान और नताशा माधवानी - बॉलीवुड से सितारों की तलाक की खबरें आना आम बात हो चली है और इस लिस्ट में अब अभिनेता फरदीन खान का नाम भी जुड़ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो फरदीन खान और नताशा माधवानी की शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। चर्चा है कि कपल अलग होने की ओर बढ़ रहे है और उन्होंने तलाक लेने का फैसला किया है।

जी हां, 18 साल की ये शादी अब खत्म होने वाली है लेकिन इसको लेकर किसी तरह का आधिकारिक ऐलान दोनों ने नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों काफी समय अलग ही रहे हैं। फरदीन खान अपनी मां के साथ मुंबई में रह रहे हैं और नताशा इस समय अपने परिवार के साथ लंदन में हैं।



फरदीन खान और नताशा माधवानी - बता दें कि साल 2005 में फरदीन खान और नताशा माधवानी की शादी काफी धूमधाम से हुई थी। 2013 में कपल ने अपने पहले बच्चे एक बेटी का स्वागत किया और 2017 में उनके यहां दूसरा बच्चा यानी बेटे ने जन्म लिया था। फरदीन काफी समय से बॉलीवुड से दूर थे लेकिन अब उनकी वापसी की अफवाहें सुर्खियां में हैं। कथित तौर पर उनके पास रितेश देशमुख के साथ एक फिल्म है, जिसका निर्देशन कूकी गुलाटी करेंगे। फिल्म में रितेश देशमुख, प्रिया बापट और क्रिस्टल डिसूजा भी हैं। खबर है कि फरदीन 2005 की हिट फिल्म नो एंट्री के सीक्वल में भी नजर आ सकते हैं। आपको बता दें कि फरदीन खान गुजरे जमाने के सुपरस्टार फिरोज खान के बेटे हैं। वहीं नताशा वेटरन एक्ट्रेस मुमताज की बेटी हैं। बता दें कि फिरोज और मुमताज ने भी साथ में कई हिट फिल्मों में काम किया है।

# बाल्की को फिर मिला ब्रांड बच्चन का सहारा, 'ड्रीमगर्ल 2' और 'गदर 2' के बीच तय हुई रिलीज की ये तारीख

**मुंबई, एजेंसी।** लेखक-निर्देशक आर बाल्की की पहचान हिंदी सिनेमा में लीक से इतर फिल्मों को लेकर रही है। बच्चन परिवार के वह खास निर्देशक हैं और उनकी हर फिल्म का इस परिवार से कोई न कोई रिश्ता जरूर रहा है। अपनी पिछली फिल्म 'चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट' में दर्शकों को आकर्षित करने में पूरी तरह विफल रहे बाल्की अब एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं जो दुर्घटना में घायल एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी के जीवट की कहानी कहती है। फिल्म में सैयामी खेर और अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिकाएं हैं। सैयामी की दादी के किरदार में फिल्म में शबाना आजमी तो होंगी ही, सूत्र बताते हैं कि अमिताभ बच्चन भी फिल्म में एक स्पेशल अपीयरेंस में नजर आने वाले हैं। 18 अगस्त को रिलीज होने जा रही फिल्म 'घूमर' से पहले आइए डालते हैं आर बाल्की के निर्देशन में बनी फिल्मों के रिपोर्ट कार्ड पर एक नजर..





फिल्म चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट एक क्राइम थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म की कहानी को समीक्षकों को केंद्र में रखकर बनाया गया है। फिल्म समीक्षक को चुप कराने निकले एक जुनूनी शख्स का मानना है कि उसकी समीक्षा कैसे एक फिल्मकार की दिशा और दशा को बदल देती है। आर बाल्की के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिंदी सिनेमा के कालजयी फिल्मकार गुरुदत्त को ट्रिब्यूट भी कही जा सकती है। फिल्म के मूल कहानी के पृष्ठभूमि में गुरुदत्त की कल्ट फिल्म %कागज के फूल% की परछाइयां शुरू से अंत तक देखने को मिलती है। इस फिल्म में सनी देओल, दुलकर सलमान और श्रेया धनवंतरी, पूजा भट्ट और सरन्या पोंवन्नन की मुख्य भूमिकाएं थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह विफल रही।

निर्देशक आर बाल्की की फिल्म पैडमैन तमिलनाडु के एक सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी अरुणाचलम मुरुगनाथम के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए कम लागत वाले सैनिटरी पैड बनाए। अभिनेता अक्षय कुमार ने इस फिल्म में अरुणाचलम मुरुगनाथम से प्रेरित लक्ष्मीकांत चौहान की भूमिका निभाई थी और उनकी पत्नी गायत्री चौहान की भूमिका में राधिका आप्टे नजर आई थी। अभिनेत्री सोनम कपूर की फिल्म में एक खास भूमिका रही। इसे सामाजिक मुद्दों बनी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 81.82 करोड़ रुपये रहा।

फिल्म की एंड का की कहानी कहीं न कहीं अमिताभ बच्चन की फिल्म अभिमान से प्रेरित बताई जाती है। कबीर और कीया की मुलाकात चंडीगढ़-दिल्ली की फ्लाइट के दौरान होती है। दोनों में प्यार होता है और फटाफट शादी के बंधन में बंध जाते हैं। कीया जॉब करती हैं और कबीर को घर के काम करना ज्यादा पसंद है। आगे चलकर इस रिश्ते में बहुत सारे उतार-चढ़ाव आते हैं। आर बाल्की के निर्देशन में बनी इस फिल्म में करीना कपूर खान और अर्जुन कपूर की मुख्य भूमिकाएं थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर खान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बी फॉर यू व्यूअर्स चॉइस अवार्ड्स 32 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 52.31 करोड़ रुपये रहा।

फिल्म शमिताभअहम और क्रेडिट लेने के टकराव की कहानी है। दानिश फिल्मों में एक बड़ा सुपरस्टार बनना चाहता है। लेकिन वह गूंगा और बहरा है। उसकी मुलाकात अक्षरा से होती है जिसकी मदद से उसे अमिताभ सिन्हा की आवाज मिलती है और वह बड़ा सुपरस्टार बन जाता है।

moviemagic
#Magically Refreshed
MISSION IMPOSSIBLE
2D
English 9:45 AM 7:15 PM 10:15 PM
Hindi 1 PM 4 PM
72 HOORAIN
3 PM
SATYAPREM KI KATHA
10 AM 12:45 PM 3:30 PM
6:15 PM 9 PM
1920 HORRORS OF THE HEART
10:15 AM 5 PM
10 PM
ZARA HATKE ZATA BACHKE
12:30 PM
CARRY ON JATTA 3
Punjabi
7:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
*FOR 2D MOVIES ONLY
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call For Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
Adipurush 3D 09:00 AM 12:20 PM 06:30 PM 10:00 PM
Adipurush 2D 09:30 AM 01:00 PM 07:00 PM 10:15 PM
The Flash 2D 03:40 PM
Zara Hatke Zara Bachke 04:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)



# न शाह आएंगे ना अडानी, अमेहटा प्लांट का लोकार्पण ऑनलाइन कराने की तैयारी

## जनप्रतिनिधियों सहित शासन-प्रशासन के अधिकारी और मीडिया से भी रहेगी दूरी

**कैमोर (कटनी),यशभारत।** कैमोर से लगभग 6 किलोमीटर दूर कैमोर- झुकेही मार्ग पर ग्राम अमेहटा के समीप अडानी एसीसी सीमेंट का नया प्लांट बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। अब इस नये प्लांट का विधिवत उदघाटन होना है। पहले चर्चा थी कि प्लांट का लोकार्पण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हांथो होगा। लोकार्पण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सहित अदानीड़ ग्रुप के मालिक गौतम अडानी स्वयं भी उपस्थित रहेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब इस चर्चा पर विराम लग गया है। नये प्लांट का लोकार्पण बिना किसी ताम- झाम के सादगी से ऑन लाइन कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों सहित शासन . प्रशासन के अधिकारियों एवं मीडिया को भी लोकार्पण कार्यक्रम से दूर रखा जायेगा। ऐसा करने के पीछे अदानीड़ ग्रुप की मंशा क्या है यह अभी समझ से परे है पर यह तय है कि सादगी से ऑन लाइन लोकार्पण हुआ तो सत्ता पक्ष इसके राजनैतिक लाभ से वंचित हो जायेगा। गौरतलब है कि सन 2017 -18 में जब एसीसी पर होलसिम का स्वामित्व था तब कैमोर के समीप अमेहटा में नए सीमेंट प्लांट के निर्माण को मंजूरी मिली थी। लगभग दो हजार करोड़ की लागत से 3 मिलियन टन क्षमता का प्लांट तैयार होना था। 2019 में होलसिम ग्रुप ने चीन की सिनोमा कम्पनी से प्लांट निर्माण का करार भी कर लिया था। चीन की कम्पनी यहां आकर काम शुरू करती इसके पहले ही चीन में कोरोना की महामारी फैल गई। भारत भी इससे प्रभावित हुआ। नतीजा यह हुआ कि देश में चीन से आना -जाना बंद हो गया। कोरोना महामारी फैलती ही चली गई और 2019 में अमेहटा प्लांट के निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका। बाद में होलसिम को चीन की सिनोमा कम्पनी से हुआ अपना करार रदद करना पड़ा।

2020 में होलसिम ने अमेहटा प्लांट निर्माण का अनुबंध एलएनटी से कर लिया। 2020 के जुलाई - अगस्त तक देश में कोरोना संक्रमण का खतरा बना रहा जिसके चलते नये प्लांट का काम चालू नहीं हो सका। नवम्बर - दिसम्बर से एलएंडटी कम्पनी ने प्लांट निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया। फरवरी 2021 में सांसद विष्णुदत्त शर्मा, खनिज मंत्री ब्रजेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक सहित होलसिम के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा नये प्लांट के लिए विधिवत भूमिपूजन किया गया।

## रा मिल में आई खराबी के कारण एक बार टल चुका है उद्घाटन

सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले अमेहटा प्लांट के ऑन लाइन लोकार्पण की तैयारी पूरी कर ली गई थी। अहमदाबाद और जबलपुर से 15 सदस्यीय टीम भी कवरेज के लिए कैमोर पहुंच गई थी पर उदघाटन से एक रात पहले रा मिल का दूसरा रोलर प्रेस भी टूट गया। रॉ मिल में दो रोलर प्रेस थे एक पहले ट्रायल के दौरान ही टूट गया था। दूसरा अभी टूट गया। अब इसके सुधार का कार्य जारी है। खबर है कि रॉ मिल का काम पूरा होते ही नये प्लांट के उदघाटन- लोकार्पण की प्रक्रिया ऑन लाईन पूरी कर दी जाएगी। उम्मीद है कि अगस्त महीने से ही प्लांट में क्लिंकर का उत्पादन और परिवहन प्रारंभ हो जायेगा।

## 2022 में तैयार हो जाना था प्लांट

अमेहटा में शुरू हुए एसीसी के नए प्लांट का निर्माण कार्य अप्रैल 2022 तक पूरा हो जाना था पर ऐसा नहीं हो सका। श्रमिक संघर्ष सहित स्थानीय नागरिकों के विरोध के चलते निर्माण कार्य में कई बार रुकावटें आती रही। निर्माण कार्य में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल का अभाव रहा। निर्माण कार्य का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों में अनुभव की कमी साफ नजर आती रही। पिछले साल अमेहटा क्षेत्र में एक मासूम बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की वारदात से उपजा आक्रोश निर्दोष बाहरी मजदूरों पर फूटा। स्थानीय नागरिकों ने उनके आवासों पर हथियारों सहित हमला कर दिया जिससे बाहरी मजदूर डरकर हजारों की संख्या में पलायन कर गए। इस घटना के दौरान ग्रामीणों की आड़ में कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने प्लांट की बहुत सारी मशीनरी और उपकरण चोरी कर लिए। एसीसी के स्थानीय अधिकारियों के उदासीन और उपेक्षित रवैये के कारण प्रशासन एवं पुलिस का अपेक्षित सहयोग भी नहीं मिला। इन्हीं सब कारणों से निर्माण कार्य में देर होती चली गई। पिछले साल होलसिम और अदानीड़ ग्रुप के बीच हुए एक बड़े सौदे में अदानीड़ ग्रुप ने एसीसी और अम्बुजा का स्वामित्व हासिल कर लिया। दोनों ग्रुपों को टेक ओव्हर करने की प्रक्रिया दो तीन महीने तक चली। हेड ऑफिस से फंड रिलीज होने में भी देर हुई इस वजह से भी नए प्लांट का काम रफ्तार नही पकड़ पाया। बहरहाल थोड़ा देर ही सही अब नया प्लांट पूरी तरह बनकर तैयार है। किलन से लेकर प्रीहिटर और रा मिल का भी ट्रायल लिया जा चुका है। बस अब प्लांट के उदघाटन की देर है।

# सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर का एटीएम कार्ड बदलकर 20 हजार की ठगी

## रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंचा तो दरोगा ने दुत्कार कर भगाया

**कटनी/बरही, यशभारत।** आइए लूट ले जाइए, धोखाधड़ी करिए, इत्मीनान से रहिए, आपका कुछ भी नहीं होगा, कोई नहीं कभी नहीं पकड़ेगे जाएंगे, खूब लूटिए, छीनकर भाग जाइए, आप सुरक्षित है। जी हां कटनी जिले के बरही नगर में बेखौफ हो रही चोरी, लूट, धोखाधड़ी की वारदातें व पुलिस के रवैये से शायद बदमाशों को यही संदेश दिया जा रहा है कि बदमाश व बदमाशी करने वाले यहां सुरक्षित रहेंगे। इस बार एटीएम में धोखाधड़ी का शिकार रिटायर्ड डिप्टी रेंजर हुआ है। गत 25 जुलाई को कियोस्क संचालक के रूपए से भरा बैग पार हुआ था। मई महीने में भी इसी तरह की घटना छिन्दहाई पिपरिया के किसान के साथ हुई थी, 6 माह पूर्व सराफ कारोबारी का सोने-चांदी से भरा बैग पार हो गया। इसके पूर्व पिछले 3 साल का रिकार्ड खंगाला जाए तो दर्जन भर से अधिक वारदाते हो चुकी है लेकिन एक भी वारदात का खुलासा होना तो दूर, वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश आरोपी बेखौफ घूम रहे हैं। ऊपर से बरही पुलिस का रवैया समझ से परे है। पीड़ित लाचार होकर थाना से लौट रहा है। बरही नगर के खितौली मार्ग में संचालित प्राइवेट हिताची एटीएम पर बीती दोपहर एक रिटायर्ड डिप्टी रेंजर धोखाधड़ी का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार उमरिया जिले के बड़छड़ निवासी 65 वर्षीय हेतराम पिता बलीराम शर्मा ने बताया कि खितौली रोड मे संचालित हिताची एटीएम पर पैसे निकलवाने पहुंचा था। अज्ञात बदमाश मेरे पीछे खड़ा था और उसने मदद करने के दौरान कार्ड बदलकर मौके से भाग खड़ा हुआ और दूसरे एटीएम से 10-10 हजार करके 20 हजार रुपए निकाल लिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत लेकर बरही थाना पहुंचा लेकिन पुलिस के द्वारा उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं लिखी गई पीड़ित ने प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग किया है।



## बदमाशों की सुरक्षित शरण स्थली बना बरही

## एटीएम में नहीं है सुरक्षा गार्ड, आए दिन हो रही वारदात

बरही नगर में एसबीआईएसीबीआई सहित अन्य बैंक के एटीएम संचालित जहां पर सुरक्षा गार्ड नहीं है, जिससे वारदात को अंजाम देने मे बदमाशों के बुलंद होते है। खितौली रोड व डोली रोड मे एटीएम संचालित जहां पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। गौरतलब है कि नगर के एसबीआई बैंक के सामने 25 जुलाई को मुकेश मिश्रा के स्कूटी में रखें 70 हजार रूपए अज्ञात बदमाश ने पार कर दिया था। इसने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई थी लेकिन आज तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। ठीक इसी तरह छिंदहाई पिपरिया निवासी राजेश तिवारी ने डेढ़ लाख रुपए निकाले थे और बाइक खड़ी करके खरीदारी करने लगा था तभी अज्ञात बदमाश ने डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गया था। पूर्व में नगर में ऐसी कई वारदातें हुई है लेकिन बदमाश पुलिस पकड़ से दूर है वही सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# चांडक चौक में बेलगाम हुआ ट्रक

## कार को टक्कर मारने के बाद बिजली के खंभे से टकराया

## चार घायल, अस्पताल में भर्ती, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के चांडक चौक क्षेत्र में रविवार की रात उस समय भगदड़ व हड़कंप मच गया, जब एक बेलगाम ट्रक कार को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया। इस दुर्घटना में कार सवार चार लोग भी घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश भड़क गया और उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एम.पी.17एचएच-3061 रविवार की रात शहर के अंदर आते समय बहक गया और सामने चल रही कार क्रमांक एम.पी.19-सीए-7480 को जोरदार टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर लगने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार 4 लोग घायल हो गए। जिनको स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उपचार जारी है। वहीं दुर्घटना होने के बाद मौके पर सैकड़ों की तादाद में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि कई साल से ट्रांसपोर्ट नगर को शिफ्ट करने की बात चल रही है लेकिन नगर निगम के अधिकारियों, शहर के जनप्रतिनिधियों की अकर्मण्यता के कारण आज तक 40 सालों में पुरैनी में ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्ट नहीं हो पाया। शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी रहती है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। जाम के हालात निर्मित होते हैं लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बहरहाल दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी काफी देर तक लोगों को समझाने का प्रयास करते रहे। देर रात समझाइस के बाद लोग हटे, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।




**मकान किराए पर देना है**

पुरानी बस्ती में डॉ एसके शर्मा के सामने सम्राट गली, कटनी में स्थित मकान किराए पर देना है। चार कमरे, किचन, लैट बाथ सहित सर्व सुविधायुक्त। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 9425362893

**आवश्यकता है**

अग्रणी एवं प्रतिष्ठित FMCG कंपनी को कटनी में (नमकीन एवं बेवरेज) डिवीजन हेतु **सुपर स्टॉकिस्ट** की आवश्यकता है। इन्वेस्टमेंट के साथ ही गोदाम में स्टॉक करने की एवं वितरण हेतु ट्रांसपोर्ट सुविधा होना आवश्यक। कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें मो. 9752018021

**अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल अध्ययन केन्द्र क्रं.570**

**मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम क्रं. 34 वर्ष 2011 के द्वारा स्थापित एवं संचालित राज्य विश्वविद्यालय**

रोजगार/स्वरोजगार एवं चिकित्सा उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल का दूसरा वर्ष अभ्यार्थियों को प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से प्राथमिक चिकित्सा एवं अन्य कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द

**बुनियादी चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ**

योग्यता / Eligibility — 12th पास/स्नातक/स्नातकोत्तर
समय अवधि / Duration — 1 Year
आयु / Age — बंधन नहीं

**प्रशिक्षण हेतु शासकीय चिकित्सालय से अनुबंध ;छात्र अध्ययन के दौरान शासकीय चिकित्सालय से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।**

आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण Diploma/ PG Diploma in Basic Health Care
प्राथमिक चिकित्सा उपचार Diploma in First Aid Treatment
हॉस्पिटल मैनेजमेंट Diploma in Hospital Management
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
प्राकृतिक फार्मा डिप्लोमा Diploma in Natural Pharma
योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा Diploma in Hospital Management

**उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना स्वयं का प्राथमिक चिकित्सा उपचार केन्द्र खोल सकते हैं।**

नोट :- 1. समस्त प्रक्रिया आवेदन, प्रवेश शुल्क आदि एमपी ऑनलाईन के माध्यम से होगी।
2. शासन की कोरोना गाईड लाईन के अनुसार ऑनलाईन या संस्थागत क्लास रहेगी।

**सिटी अपेक्स कम्प्यूटर** राजीवगांधी वार्ड सत्यनारायण मंदिर के सामने, कटनी मो. योगेश पाण्डे 9424961722, कपिल द्विवेदी 9827076651

**NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL**
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान VASHISHSHTH GURU
12TH CLASS TOPPER 92% ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

**डॉ. कनिका अग्रवाल** M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

**आवश्यकता है**

ग्रेनाइट टाइल्स की दुकान में सेल्स कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी, वेतन 7000 प्लस इंसेंटिव।
संपर्क करें- शकुंतला ग्रेनाइट एंड टाइल्स जबलपुर रोड, कटनी मो. 9009767272

**JOB OPENING**

Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain Mo. 8989020207

**शिकागो पब्लिक स्कूल**
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो , एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40% **ICMT COMPUTER INSTITUTE**
DCA PGDCA | TALLY CPCT | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

**डॉ. निशा श्रीवास्तव**
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

**SHRI HOSPITAL KATNI**
डॉ.दीपक सक्सेना डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316

**naturals** India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW @ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor, Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं.1 योजना क्रं.6 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*, सम्पादक अम्बरीश तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन (07622) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)